इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 246 | राजनांदगांव, गुरूवार 24 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## मानसून सत्र का तीसरा दिनः सड़क का व्यवहार संसद में न करें; विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी पर बोले ओम बिरला

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामेदार रहा। बुधवार को लोकसभा-राज्यसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शांत रहने को कहा। सांसद नहीं माने। स्पीकर ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। देश के नागरिक आपको देख रहे हैं। लोकसभा की कार्यवाही 10 मिनट तक चली, फिर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी कार्यवाही हंगामा के कारण स्थगित कर दी गई।



### कार्यवाही गुरुवार सुबह तक के लिए स्थगित

12 बजे फिर कार्यवाही शुरू हुई। संसद के दोनों सदनों में बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर हंगामा हुआ। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे शुरू हुई। विपक्ष के सांसदों ने फिर हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### विपक्षी सांसदों ने लहराए काले कपड़े

कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने जमकर हो हल्ला किया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत विपक्ष के नेताओं ने संसद के मकर द्वार पर बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने काले कपड़े में नारेबाजी की। राहुल और अखिलेश ने काली पट्टी डालकर विरोध किया।

### संजय सिंह को नोटिस दिया

आप सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में एसआईआर के 'संवैधानिक और चुनावी निहितार्थों' पर चर्चा के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस पर आज चर्चा हो सकती है।

### 32 दिन चलेगा सत्र

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त यानी कुल 32 दिन चलेगा। 18 बैठकें होंगी। 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो हंगामा हुआ। हंगामे के कारण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 28 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा तय; 16 घंटे होगी बहस, पीएम मोदी की मौजूदगी में राजनाथ देंगे जवाब

नई दिल्ली। राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की।



यह बैठक पहले सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन शाम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बैठक के बाद कांग्रेस के राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि विपक्ष ने एक सुर में मांग की कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा अगले हफ्ते से शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस पर चर्चा शुरू होने के एक दिन बाद राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए। वहीं, अब जानकारी सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 28 जुलाई से लोकसभा में चर्चा शुरू होगी। सदन में इस पर 16 घंटे तक चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान मौजूद रहेंगे। जबकि, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस पर जवाब देंगे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एक सामान्य बहस होनी चाहिए, कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी की मांग की और सरकार ने आश्वासन दिया है कि प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि संसद के दोनों सदनों में पहलगाम हमले, बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) और अन्य मुद्दों को लेकर लगातार हंगामा हो रहा है, जिसकी वजह से कार्यवाही बार-बार स्थगित की जा रही है।

## वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में मौत, सीएम साय ने जताया शोक



रायपुर। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे और पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के बेटे निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर में सुबह करीब 4-5 बजे के बीच हादसा हुआ। बाइक के डिवाइडर से टकराने से 19 वर्षीय निखिल की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह सड़क दुर्घटना सत्य साईं अस्पताल नवा रायपुर के पास हुई, जहां निखिल अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि बुलेट के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी पर रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह, वन मंदिर केदार कश्यप मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। मंदिर हसौद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बाइक पर चार युवक सवार होकर सत्य साईं अस्पताल की ओर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस टक्कर से निखिल 40 फीट दूर फेंका गया। सिर फटने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे एक युवक भी गंभीर रुप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। डायल 112 को सूचना दिये जाने पर टीम मौके पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गुजरात के सुनार का ड्राइवर 4 करोड़ 80 लाख रुपए के आभूषण लेकर फरार

इंदौर। अहमदाबाद के एक ज्वेलर्स के साथ उसके ड्राइवर ने धोखा कर दिया। वह 4 करोड़ 80 लाख रुपये कीमती सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। अपराध शाखा ने उसके खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज किया है। सुनार,कर्मचारी और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी है। घटना छत्रीपुरा थाना अंतर्गत होटल शिवानी की है। पुलिस ने धर्मेंद्र पुत्र जयंतीलाल लाठीगरा निवासी शिवपार्क सोसायटी मिनर्वा हाल घाटलोडिया अहमदाबाद (गुजरात) की शिकायत पर आरोपित मसरू रबारी पुत्र थानाभाई रबारी निवासी रबारीवास गांगुवाड़ा बनासकाठा(गुजरात) के खिलाफ केस दर्ज किया है। धर्मेंद्र लाठीगरा की माणिक चौक(अहमदाबाद) में अंकित गोल्ड के नाम से सोना-चांदी के आभूषणों की दुकान है। गुजरात, इंदौर, झाबुआ, धार के कई बड़े ज्वेलर्स धर्मेंद्र से आभूषण खरीदते हैं। 8 जुलाई को धर्मेंद्र ने कर्मचारी सौरभ पांचाल को सोने के आभूषण बेचने के लिए रवाना किया था। नवा नरोड़ा निवासी सौरभ करीब पांच साल से यह काम कर रहा है।



## लोकायुक्त की छापेमारी : आय से अधिक संपत्ति मामले में 8 अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश, नोटों के बंडल बरामद

बंगलूरू। लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में एक आईएएस अधिकारी समेत आठ अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। आईएएस अधिकारी वसंती अमर बीवी रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी, कर्नाटक (के-राइड) में विशेष उपायुक्त के पद पर तैनात थीं। वे के-राइड में भूमि अधिग्रहण अनुभाग संभाल रही थीं। उन्हें महत्वाकांक्षी बंगलूरू उपनगरीय रेलवे परियोजना (बीएसआरपी) के लिए भूमि उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया था। के-राइड के सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि बीएसआरपी में गतिविधियां ठप हो गई हैं, क्योंकि ठेकेदार कंपनी ने परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण न होने पर काम बंद करने की धमकी दी है। छापेमारी में जिन अधिकारियों पर की गई, उनमें कोडागु जिला मुख्यालय शहर मदिकेरी में कौशल विकास, उद्यमिता और आजीविका विभाग के संयुक्त निदेशक मंजूनाथस्वामी एम, मैसूर महानगर पालिके के कार्यालय सहायक (प्रशासन) बी वेंकटराम, तुमकुरु के केआईएडीबी के सहायक कार्यकारी अभियंता राजेश एम और सुनील कुमार, कार्यकारी अभियंता, परिवार एवं कल्याण कार्यालय, इंजीनियरिंग अनुभाग, कलबुर्गी शामिल हैं। छापेमारी में जिन अन्य अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, उनमें सहायक निदेशक, जिला उद्योग केंद्र, कोप्पल शेखू और सहायक निदेशक, नगर एवं ग्रामीण परियोजना विभाग, बंगलूरू शहर बागली मारुति शामिल हैं। इसके अलावा एचवी येरप्पा रेड्डी, कार्यकारी अभियंता, बीबीएमपी के ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही है।



## सीएम साय ने प्रदेशवासियों को दी हरेली पर्व की शुभकामनाएं, पौधे लगाने का भी किया आग्रह



रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के परंपरागत लोकपर्व हरेली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमारी कृषि संस्कृति, लोक परंपरा और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेली पर्व खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्योहार है, जिसमें किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा कर धरती माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। यह पर्व न केवल अच्छी फसल की कामना का अवसर है, बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य की भावना को भी प्रकट करता है।

## पीएम नरेंद्र मोदी दो दिन ब्रिटेन में रहेंगे



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। लोकसभा-राज्यसभा में आज भी विपक्ष के हंगामे के आसार हैं। पीएम नरेंद्र मोदी 2 दिन के ब्रिटेन दौरे पर रवाना हुए। यह पीएम की चौथी ब्रिटेन यात्रा है। यहां वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के न्योते पर जा रहे हैं।

## ब्रिटिश पीड़ितों के परिजन बोले- गलत शव सौंपे गए; भारत ने कहा- पूरी सावधानी बरती, जांच कर रहे

नई दिल्ली। एयर इंडिया के दुखद विमान हादसे में मारे गए ब्रिटिश नागरिकों के परिजनों को कथित तौर पर उनके प्रियजनों के गलत शव भेज दिए गए हैं। डेली मेल के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। खबर के अनुसार, अब तक ऐसे दो मामले सामने आए हैं जहां शोकाकुल परिवारों को पता चला कि उनके प्रियजनों के शवों की ब्रिटेन लौटने से पहले गलत पहचान की गई है।



### सरकार बोली- हम किसी भी चिंता के समाधान के लिए काम कर रहे

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मामला तब सामने आया, जब इनर वेस्ट लंदन की कोरोनर डॉ. फियोना विलकॉक्स ने परिवारों की ओर से उपलब्ध कराए गए नमूनों के साथ उनके डीएनए का मिलान करके ब्रिटेन भेजे गए ब्रिटिश नागरिकों की पहचान सत्यापित करने की कोशिश की। वकील जेम्स हीली-प्रैट, जो कई ब्रिटिश परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि एअर इंडिया हादसे के बाद कम से कम 12 ब्रिटिश पीड़ितों के अवशेष भेजे गए हैं। प्रैट ने प्रकाशन को बताया कि उनकी टीम एयर इंडिया और उसके आपातकालीन वेंडर केन्यन्स इंटरनेशनल इमरजेंसी सर्विसेज से इस संबंध में औपचारिक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रही है। सरकार की ओर से भी इस मामले में प्रतिक्रिया सामने आई है। सरकार के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने रिपोर्ट देखी है और जब से ये चिंताएं और मुद्दे हमारे ध्यान में लाए गए हैं, हम ब्रिटेन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दुखद दुर्घटना के मद्देनजर, संबंधित अधिकारियों ने स्थापित प्रोटोकॉल और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार पीड़ितों की पहचान की थी। सभी पार्थिव अवशेषों को अत्यंत व्यावसायिकता और मृतकों की गरिमा का पूरा ध्यान रखते हुए सहेजा गया था। म इस मुद्दे से संबंधित किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए ब्रिटेन के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। बोइंग 787-8 से संचालित एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171, जो लंदन के गैटविक जा रही थी, 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से 241 की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तीसरे दिन भी नहीं थमी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने बढ़ाई मुश्किलें

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारी बारिश के कारण हुए मलबे के भूस्खलन (मडस्लाइड) ने बुधवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया। इसके चलते सैकड़ों वाहन फंस गए और अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालु भी बीच रास्ते में रुक गए हैं।



### अमरनाथ यात्री रास्ते में फंसे

पिछले तीन दिनों से जम्मू क्षेत्र में मूसलधार बारिश जारी है। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बाढ़ का कोई बड़ा खतरा नहीं है, लेकिन अधिकतर नदियों और नालों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। ट्रैफिक विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, रामबन जिले के मगेरकोट के पास एक सुरंग पर अचानक आई बाढ़ की वजह से मलबा गिरा और हाईवे अवरुद्ध हो गया। इसके अलावा सेरी के पास भी भारी बारिश के चलते एक और मडस्लाइड हुई।

प्रशासन ने तुरंत राहत एजेंसियों को मौके पर भेजा है और मलबा हटाने का काम जारी है। मौसम साफ होते ही सड़क को जल्द खोलने की कोशिश की जा रही है। तब तक लोगों से अपील की गई है कि वे इस मार्ग पर यात्रा न करें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क बंद होने के कारण कई आम यात्री और दो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़; दिल्ली, यूपी और गुजरात से 4 आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने एक बयान में कहा, गुजरात एटीएस ने एक्यूआईएस से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एटीएस इस ऑपरेशन के बारे में आगे की जानकारी बाद में देगी। 2023 में शहर के विभिन्न हिस्सों से चार बांग्लादेशी नागरिकों को इसी आतंकी संगठन से संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



जानकारी के मुताबिक, गुजरात एटीएस ने मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा, दिल्ली और गुजरात में आतंकियों को हिरासत में लिया। दावा किया जा रहा है कि इनमें से एक की पहचान मेरठ के मूल निवासी के तौर पर हुई है। हालांकि, इसकी पुष्टि की प्रतीक्षा है। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के नाम मोहम्मद फरदीन, सैफुल्लाह, मोहम्मद फैक और जीशान अली हैं।

सूत्रों के मुताबिक, एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और उकसाऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने सटीक कार्रवाई करते हुए चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एक की गिरफ्तारी नोएडा से, एक दिल्ली से और दो की गुजरात से होना बताया गया है।

## एक परिवार की चाटुकारिता वाली संस्था है कांग्रेसः विजय बोले- लखमा, देवेंद्र जेल गये तो किसी ने नहीं मचाया हल्ला



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ओर से की गई आर्थिक नाकेबंदी को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि रायपुर और बिलासपुर समेत कई जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ता लड़ते-झगड़ते देखे गये। सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने किस जन कल्याण के विषय को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की थी। ऐसा कौन सा काम था जिसे करने में सरकार भी विफल हो गई हो और कांग्रेस को आर्थिक नाकेबंदी करनी पड़ी। कहीं पर बैठकर कुछ लोगों को रोक लिया तो वह आर्थिक नाकेबंदी नहीं कहलाती। क्या इसलिए कि ईजी ने भ्रष्टाचार की विरुद्ध कार्रवाई की? भ्रष्टाचार करने वाले खिलाफ प्रमाण होने पर ईडी ने पूछताछ करने के लिए उन्हें (चैतन्य बघेल ) गिरफ्तार किया। वो कांग्रेस पार्टी में भी नहीं है और एक कांग्रेस के बड़े नेता के पुत्र हैं इसलिए सभी कांग्रेसियों को इस लड़ाई में झौंक दिया गया। इसीलिए रायपुर बिलासपुर समेत कई जगहों पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मिंत्रा पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का केस : ईडी ने विदेशी निवेश के गलत उपयोग का आरोप लगाया

नई दिल्ली। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म मिंत्रा और उसकी सहयोगी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह मामला करीब 1,654 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ा है।




### फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की जांच शुरू

ईडी को जानकारी मिली थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियां होलसेल कैश एंड कैरी के नाम पर मल्टी ब्रांड रिटेल कारोबार कर रही थीं। ये विदेशी निवेश की नीति के खिलाफ है। सूत्रों का कहना है कि ईडी ने कंपनी के कुछ दस्तावेज और फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की भी छानबीन शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि क्या मिंत्रा ने विदेशी फंड्स का इस्तेमाल गलत तरीके से किया या नियमों को दरकिनार किया।

### क्या है फेमा एक्ट?

फेमा के तहत इस बात कि निगरानी की जाती है कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति विदेशी पैसों का गलत इस्तेमाल न करे, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या टैक्स चोरी। यह विदेशी निवेश और व्यापार को आसान बनाता है, लेकिन इसे नियमों के दायरे में रखता है।

फेमा में भारत के सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए प्रक्रियाओं की रूपरेखा दी गई है। इस अधिनियम के तहत ईडी को विदेशी मुद्रा कानूनों और नियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जांच करने, उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन पर जुर्माना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नये निर्देशों से होगी व्यापमं की परीक्षा - डॉ. सुचित्रा गुप्ता

**आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को 34 केन्द्रों में**

**हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य**

**फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आयें, कान के आभूषण प्रतिबंधित**

**10.30 बजे के बाद तथा बगैर मूल पहचान पत्र प्रवेश नहीं**

**परीक्षार्थीयों को उनके प्रवेश पत्र में दिये केन्द्र में ही बैठने की होगी अनुमति**

**प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य**



राजनांदगांव (दावा)। व्यापम द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 को की जा रही है। परीक्षा प्रातः 11:00 बजे से 1:15 बजे तक 34 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. सुचित्रा गुप्ता प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया की यह परीक्षा व्यापम के नये निर्देशों के साथ होगी। परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 02 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। 10.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

परीक्षर्थियों की परीक्षा केन्द्र में फ्रिस्किंग की जावेगी। परीक्षार्थियों के लिए व्यापम द्वारा ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थियों को ड्रेस कोड के रूप में हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य है। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर ही आयें। परीक्षा में कान के आभूषण प्रतिबंधित है। परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, जैसे किसी एक फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रतिलाना अनिवार्य है।

उपरोक्त निर्देशों का पालन नही किये जाने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले की उनका प्रवेश पत्र 2025 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाएगा। अतः सभी परीक्षार्थी वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से दो घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ निर्धरित डेऊस कोड में उपस्थित हो। ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सहायक समन्वयक तथा सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहें।

# बिहान से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन में आ रही सामाजिक परिवर्तन की बयार

**लखपति दीदी श्रीमती तामेश्वरी साहू ने अपने हौसले एवं आत्मविश्वास से अपनी राह बनाई**

**सोचा नहीं था कि स्कूटी और ऑटो ले पाऊंगी- लखपति दीदी श्रीमती तामेश्वरी साहू**



राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में सामाजिक परिवर्तन की बयार दिखाई दे रही है। यह बयार है शासन की राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियां, जिससे जुड़कर महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल है, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परेवाडीह की लखपति दीदी श्रीमती तामेश्वरी साहू, जिन्होंने चुनौतियों एवं संघर्ष के बावजूद अपने हौसले एवं आत्मविश्वास से अपनी राह बनाई। उन्होंने बताया कि वे प्रज्ञा स्वसहायता समूह से जुड़ी है और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें भरपूर मदद मिली। उन्होंने बताया कि बिहान से जुड़ने से पहले वे घरेलू कार्य के साथ खेती-किसानी का कार्य करती थी तथा घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उन्होंने बताया कि बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण लेकर अपना किराना दुकान खोला, लेकिन दुकान में आग लगने से बहुत क्षति हुई। फिर उन्होंने हिम्मत करते हुए बिहान से योगदान मिलने पर फिर से अपना किराना दुकान प्रारंभ किया। इसी दौरान ग्राम पदुमतरा में सीएलएफ में खाना बनाने का कार्य मिला। जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत बनी।

लखपति दीदी श्रीमती तामेश्वरी साहू ने बताया कि उन्होंने अब तक वे बिहान योजना के माध्यम से 5 से 8 लाख रूपए तक का ऋण ले चुकी है। अभी वे किराना दुकान के साथ ही बैंक सखी एवं वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य कर रही है और उनकी वार्षिक आय लगभग 1 लाख 50 हजार रूपए है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि अपने लिए स्कूटी और ऑटो ले पाऊंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडने के बाद यह सपना साकार हो गया है। उन्होंने बताया कि बैंक सखी के रूप में कार्य करने से आत्मविश्वास बढ़ा, वहीं आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता के लिए कार्य कर रही हैं तथा जनसामान्य को शासन की योजनाओं की जानकारी दे रही है। लखपति दीदी श्रीमती तामेश्वरी साहू ने बिहान योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## पहला कॉलम...

### महापौर ने दी हरेली तिहार की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को



छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली पर्व की अनन्य शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की शुरूवात हरेली त्यौहार से होती है, जिसे सावन मास के अमावस्या के दिन मनाया जाता है, इसलिये इसे हरियाली अमावस्या भी कहते है। हरेली के दिन किसान अपने हल एवं कृषि औजारों की पूजा करते है और भगवान से अच्छी फसल की कामना करते है। त्यौहार में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन चिला, फरा आदि बनाकर खाया एवं खिलाया जाता है। इस दिन बास से बने गेडी चढकर तथा ग्रामीण परिवेश के खेल खो, कबड्डी, फुगड़ी आदि खेल कर त्यौहार का आनंद उठाया जाता है। उन्होंने हरेली तिहार की पुनः बधाई देते हुये खेतो में अच्छी फसल की कामना की है, जिससे किसान खुशी से अपना जीवन यापन कर सकें।

### कोमल यादव को किया गया जिला बदर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्राम गठुला निवासी कोमल यादव को निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के दृष्टिगत आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला तथा महाराष्ट के गोंदिया एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) के निर्देश दिए है। कोमल यादव को आदेश जारी होने के 1 सप्ताह के भीतर जिलों के राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 15 जनवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने कहा गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक प्रतिबंधित राजस्व जिलों की सीमाओं से बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि का निधन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित कालीचरण परिवार



हमालपारा निवासी श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि ध.प. स्व. कालीचरण गुप्ता का 23 जुलाई को देवलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे श्यामचरण अग्रहरि, श्याम सुन्दर अग्रहरि की माता और प्रवीण अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, प्रशांत अग्रहरि, आकाश अग्रहरि, विकास अग्रहरि, राहुल अग्रहरि की दादी थी। उनकी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक सहित समाज के लोगों की उपस्थिति रही जिन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पोष्टमास्टर बी.पी. त्रिपाठी का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सेवानिवृत पोष्ट मास्टर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी के ससुर बिसौहा प्रसाद त्रिपाठी 76 वर्ष का 22 जुलाई मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जुलाई को निकाली गई जिसमें नगर के वरिष्ठजन शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली की बधाई - संतोष पिल्ले

## हरियर-फरियर हो सबके मन, भरे रहे कोठी-डोली में अन-धन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार हरेली की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हरियर-फरियर हो मन, भरे रहेगा कोठी-डोली में अन-धन।

श्रावण पर्व की अमावस्या को मनाए जाने वाले हरेली पर्व को उन्होंने हर और हरि के प्रभाव वाले प्रकृति में चारों तरफ बिखरी हरीतिमा का पर्व बताते हुए कहा कि किसानों का यह पर्व सभी के मन को हरियर-फरियर रखने की सीख और संदेश देते आया है। किसान इस दिन अपने कृषि औजार को धो-पोंछ कर उसकी पूजा करता है वहीं धरती को हरियाली से भर देने का भी उपक्रम करता है।

श्री पिल्ले ने कहा कि हम सभी का फर्ज बन उठता है कि हम भी धरती को हरा-भरा रखने के लिए एक पेंड़ जरुर लगाए। उन्होंने हरेली पर्व पर सभी के मन को हरियर-फरियर होने की कामना की और कहा-जब हरियाली से हरियर-फरियर होगा मन तो किसान भाइयों के कोठी-डोली में भरा रहेगा अन-धन। श्री पिल्ले ने हरेली पर्व पर आज 12 बजे नगर निगम परिसर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना करने की बात कही है।

# गंज मंडी में धूमधाम के साथ की जाएगी मां दुर्गा स्थापना

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर गंज मंडी में बुधवार को आवश्यक बैठक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि को मां दुर्गा की स्थापना का निर्णय लिया गया। सभी की उपस्थिति में आयोजित उक्त बैठक में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों जिसमें अध्यक्ष सुनील उभरानी, सचिव नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्की डागा, प्रमुख संयोजक प्रकाश जैन, राजू डागा, बसंत चितलाँग्या, विनोद जैन, सोहन देवांगन, निलेश हरिहारणो, सागर गाँधी, गौरव अग्रवाल है। वहीं संयोजक विकास अग्रवाल व सत्यनारायण डागा है। मां दुर्गा उत्सव के लिए कार्यकारणी सदस्य में धनपत पांडे, अशोक जैन, राकेश लोहिया, मोहन जैन, रमेश जोशी, किशोर जैन, राजू महाराज, शुभम जैन, गोलू हरिहारणो आदि प्रमुख हैं। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए सभी पदाधिकारियों को सभी सदस्यों को मंडी रेजा संघ, हमाल संघ, तोलिया संघ, मुनीम संघ, मंडी कर्मचारी संघ, किसान संघ ने बधाई दी। उक्त जानकारी मंडी के बलभद्र चन्द्राकर ने दी।



दुर्गा उत्सव आयोजन के लिए बसंतपुर मंडी में ली गई आवश्यक बैठक

# अवैध रेत उत्खन्न मामले को लेकर शहर कांग्रेस का बसंतपुर थाने का घेराव

**पीसीसी से नियुक्त पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायकगण इंदरशाह मंडावी व हर्षिता बघेल की विशेष उपस्थिति में होगा घेराव**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर मारपीट व गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई डेढ़ माह बीतने के बाद उचित कार्यवाही न करते हुए अब तक मुख्य आरोपी भाजपा नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा नियुक्त जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, मानपुर विधायक इंदरशाह मंडावी व डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल की विशेष उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 24 जुलाई बसंतपुर थाने का घेराव किया जाएगा। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि 24 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से बसंतपुर थाने का घेराव किया जाएगा। उक्त घेराव में कांग्रेसजनों के साथ-साथ आम जनता से उपस्थिति की अपील की है।

# खूबलाल जंघेल को किया गया जिला बदर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मोतीपुर राजनांदगांव निवासी खूबलाल जंघेल की आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को पारिवारिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला तथा महाराष्ट्र के गोंदिया एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) के निर्देश दिए है।

खूबलाल जंघेल को आदेश जारी होने के 1 सप्ताह के भीतर जिलों के राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 21 जनवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने कहा गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक प्रतिबंधित राजस्व जिलों की सीमाओं से बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बिरेझर थाना घुमका में भाव सिंह ठाकुर के कब्जे से दो पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन में 9 बल्क लीटर कच्ची हाथभट्टी महुआ शराब एवं सुग्रीव यादव के कब्जे से एक पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन 4 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करी गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में वृत्त राजनांदगांव पूर्व की टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती कुसुमलता जोल्हे, आबकारी उप निरीक्षक राजकुमार कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक जनार्दन प्रसाद पांडेय, निजाम शाह, दीपक गुप्ता, आबकारी आरक्षक ताम्रध्वज ठाकुर, आर्यन ठाकुर, नागेश निषाद एवं आबकारी स्टाफ अनिल, मनीष, दीपक, सुरेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202507095300003
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्मेन्द्र कुमार वर्मा पिता आनंदीराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम सलोनी प.ह.नं. 03. रा.नि.मं मोहारा, तहसील डोंगरगढ़ स्थित कृषि भूमि ख.नं. 94/3 रकबा 0.13 ए./ 0053 हे. भूमि को क्रेतागण भूखन राम, रमाकांत हर्मेन्द्र कुमार सभी पिता आनंदीराम के द्वारा विक्रेतागण संतूराम एवं बहोरन दोनों पिता ईतवारी जाति लोधी निवासी सलोनी से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07/03/2013 के माध्यम से क्रय किया गया था। जिसका नामांतरण क्र. 10 आदेश दिनांक 05/06/2013 के तहत हो चुका है. जिसका ऋण पुस्तिका भी जारी हो चुका है। तत्कालीन पटवारी द्वारा रिकार्ड दुरुस्त भी किया गया था किन्तु वर्तमान में उक्त खसरा नंबर ऑनलाईन से गायब हो गया है, जिसके कारण आवेदक को कृषि कार्य में परेशानी हो रही है। अतः आवेदक उक्त भूमि को ऑनलाईन में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति था संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से ईश्तहार पेशी दिनांक 31/07/2025 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार डोंगरगढ़**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं........ बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ताम्रध्वज साहू आ. पुना राम निवासी शहर/ ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 51 तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वयं ताम्रध्वज साहू आ. पुनाराम जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 21/07/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 07/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 07/07/2025
सुनवाई दिनांक 21/07/2025

**कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-8
389-0    456-5
राजधानी
3-5-7
155-1    169-6

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# छत्तीसगढ़ हॉकी की अभिनव पहल, एम्स के डॉक्टरों ने किया हॉकी खिलाड़ियों का दंत परीक्षण

**खिलाड़ियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता शिविर**



राजनांदगांव (दावा)। खिलाड़ियों की सुरक्षा और संपूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

हॉकी खेल के दौरान अक्सर खिलाड़ियों को चेहरे और दांतों में चोट लगने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एम्स रायपुर के दंत चिकित्सा विभाग की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित विशेष शिविर में खिलाड़ियों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया। इस शिविर में राजनांदगांव के साथ-साथ आसपास के जिलों के भी सैकड़ों खिलाड़ी शामिल हुए। परीक्षण शिविर में खिलाड़ियों को दंत सुरक्षा, माउथगार्ड के उपयोग, नियमित जांच और दैनिक स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया।

**खिलाड़ियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता- फिरोज अंसारी**

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा, इस शिविर का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों की वर्तमान दंत स्थिति की जांच करना था, बल्कि उन्हें भविष्य में होने वाली संभावित समस्याओं से बचाव के प्रति भी जागरूक करना है। खिलाड़ियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के प्रति यह जागरूकता अत्यंत सराहनीय- डॉ. रमजिया रहीम**

एम्स रायपुर के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. रमजिया रहीम ने कहा की छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की खेल और खिलाड़ियों के प्रति सजगता एवं संवेदनशीलता का एक ऐतिहासिक उदाहरण देखने को मिला। छत्तीसगढ़ हॉकी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के प्रति यह जागरूकता अत्यंत सराहनीय है और यह हॉकी संघ की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। दंत परीक्षण में उपस्थित डॉ. मुलिंन्द्र रवि एवं डॉ. पलकजीत कौर ने खिलाड़ियों को खेल के दौरान दाँतों में लगने वाली चोटों की प्राथमिक चिकित्सा और उसके त्वरित उपयोग के बारे में जानकारी दी। डॉक्टरों की टीम ने दंत सुरक्षा उपकरणों, विशेष रूप से माउथगार्ड के नियमित उपयोग पर जोर दिया।

**सुरक्षा की दिशा में एक सार्थक कदम-भूषण साव**

वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक भूषण साव ने कहा, यह पहल न केवल शारीरिक सुरक्षा की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि खिलाड़ियों में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना भी विकसित करती है।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस कोच मृणाल चौबे ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह शिविर हॉकी संघ की खिलाड़ियों के प्रति चिंता और समर्पण को दर्शाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी संघ, खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु न केवल मैदान पर, बल्कि मैदान के बाहर भी पूर्ण रूप से सजग और संवेदनशील हैं। खिलाड़ियों ने भी इस पहल की प्रशंसा की और दंत स्वास्थ्य को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर खेलो इंडिया के हॉकी कोच शकील अहमद, कस्टम पुणे के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दीपेश चौबे, दिलीप रावत, किशोर धीवर, मुकेश जायसवाल तथा हॉकी संघ के अन्य पदाधिकारीगण, प्रशिक्षक और अनेक युवा खिलाड़ी उपस्थित थे। सभी ने इस स्वास्थ्य परीक्षण को बेहद उपयोगी और प्रेरणास्पद बताया।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ( सामा.निर्वा. )**
**जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ( छ.ग. )**

Tel. No. (07820299500)    Mail ID- Email-deo-keg@cg.gov.in

**-: सूचनाः-**

क्रमांक /186/वि.स्था./ 2025-26    दिनांक 22/07/2025

निम्नांकित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नियोजित वाहनों का किराया राशि भुगतान नहीं हो पाया है। अतः वे तत्काल अपनी आर.सी. बुक, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं वाहन अधिग्रहण आदेश के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के कक्ष क्रमांक-13 में दिनांक 30/07/2025 तक उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करें। ताकि वाहन किराया राशि का भुगतान किया जा सके।

**अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी,**
**(सामान्य निर्वाचन)**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

जी- 252602350/1

SILVER SCREEN MULTIPLEX
23rd July to 24th July 2025





Saiyaara - 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:30 pm
Maalik - 03:15 and 09:15 pm
Metro In Dino - 12:15 and 06:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)    Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल

सुपर डूपर हीट, बम्फाड़ धमाका
तुझे मेरी कसम
साल 2003 का धांसू धमका
कला : रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, आसरानी, शक्ति कपूर




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# शासन से प्राप्त 6 करोड़ रूपए की लागत से दिग्विजय स्टेडियम में खेल सुविधाओं एवं अधोसंरचना होगी विकसित- कलेक्टर

**इंटरनेशनल बैडमिंटन कोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा एसी युक्त सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट**

**स्टेडियम की साफ-सफाई, पेयजल एवं रख-रखाव के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश**

**फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे बॉक्स क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेनिस, हैंडबॉल जैसे खेलों के लिए बॉक्स कोर्ट बनाया जाएगा**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में स्टेडियम कॉन्फ्रेस हॉल में स्टेडियम समिति के सफल संचालन हेतु स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर एवं उपाध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति मधुसूदन यादव और अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति का उद्देश्य है खेल को बढ़ावा देना और गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को खेल गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा राजनांदगांव जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दिग्विजय स्टेडियम समिति को किराया से वार्षिक लगभग 70 लाख रूपए मिल सकता है। इससे जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्क्वैश खेल को बढ़ावा देने के लिए दिग्विजय स्टेडियम परिसर में स्क्वैश कोर्ट बनाने कहा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे बॉक्स क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस जैसे खेलों के लिए बॉक्स कोर्ट बनाया जाएगा। कबड्डी खिलाडियों के लिए सिंथेटिक कोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के रखरखाव के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने कहा। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हाईमास्क लाईट और टर्फ लगाने की बात पर सहमति बनी।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दिग्विजय स्टेडियम समिति के शॉपिंग काम्प्लेक्स की दुकानों का किराया जिन्होंने अब तक नहीं दिया है, ऐसे दुकानों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट में सेट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में लगे एयर कंडीशनर को रिपेयर किया जाएगा। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम में साफ-सफाई और सभी नलों से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा। दिग्विजय स्टेडियम परिसर में आने वाले सभी रास्तों में गेट लगाने के लिए कहा और जो आवश्यक नहीं है उन रास्तों में दीवाल बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे असामाजिक तत्वों से सुरक्षा हो सकें। उन्होंने कहा कि 3 बैडमिंटन कोर्ट को इंटरनेशनल की तर्ज पर एयर कंडीशनर और सिंथेटिक कोर्ट बनाया जाएगा। स्टेडियम के फ्लड लाईट को बदलकर नया लगाया जाएगा। स्टेडियम में बहुउपयोगी हॉल बनाने कहा। उन्होंने ने स्टेट स्कूल मैदान समतलीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों निर्देशित किया।

अपर कलेक्टर एवं सचिव दिग्विजय स्टेडियम समिति प्रेम प्रकाश शर्मा ने शासन से प्राप्त बजट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शासन से प्राप्त 6 करोड़ रूपए की लागत से दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव के बॉस्केटबॉल कोर्ट 2 एवं 1 बैडमिंटन कोर्ट में सेंट्रलाइज्ड एयर कंडिशनर एवं 300 केवी एडीजी एवं सेट सिविल वर्क एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए तैयार प्राक्कलन का अनुमोदन के संबंध में जानकारी दी। समिति के सदस्यों ने खेल गतिविधियों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि योगेश बागड़ी, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विभिन्न जिला खेल संघ के प्रतिनिधिगण सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# व्यपहरण कर बंधक बनाकर डकैती करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना अंतर्गत व्यपहरण कर बंधक बनाकर डकैती करने वाले आरोपीगण को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपीगण द्वारा प्रार्थी एवं उसके साथी को जबरदस्ती बंधक बनाकर मारपीट, डरा धमका कर उसके नगदी 4000 रूपये व आनलाईन 20 हजार रू. की लूट किये थे। घटना दिनांक से ही आरोपीगण फरार थे।



मुखबीर की सूचना व मोबाईल टावर के लोकेशन के आधार पर आरोपीगण की गिरफ्तारी संभव हो पाई। प्रकरण के 2 आरोपीगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया शेष 03 आरोपीगण अभी भी फरार है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा थाना लालबाग उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 11/04/2025 वे अपने 3 साथियों के साथ अपने ग्राम बरगाही जा रहा था कि पुराना ढाबा के बालक संप्रेक्षण गृह के पास पीछे से नीला रंग के कार से पुरुषोत्तम साहू ऊर्फ जादू, नितिन साहू राहुल सिंग, आदित्य एवं दादा आये और प्रार्थी के आगे बीच रास्ते में कार को अड़ा दिया और रास्ता को रोककर गाड़ी से नीचे उतार कर मारपीट कर गाली गलौच कर रहे थे और सभी को कार में जबरदस्ती डालकर एबीस फैक्ट्री के आगे एक मकान में ले गये जहां वे सभी लोगों को कमरे अंदर रखकर रातभर सभी से मारपीट और गाली गलौच किया एवं प्रार्थी के पास रखे नगदी 4000 रूपये को लूट लिये और पैसा की मांग करने लगे। सुबह करीबन 07:30 बजे प्रार्थी व उसके अन्य साथी मौका देखकर अपना मोबाईल व गाड़ी का चाबी लेकर वहां से भागे और दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया। प्रार्थी को जान का खतरा था इसलिये सभी लोग प्रार्थी के बडी मां के यहां भाठापारा चले गये।

दिनांक 11/04/2025 के दोपहर 02:00 बजे प्रार्थी की मां ने फोन कर बताया कि दो लोग स्कूटी में आये थे और अपना नाम पुरूषोत्तम और नितिन साहू बताया। जो तुम्हारे बेटे तरूण कहां है बोलकर पूछने लगे उन लोगों ने कहा कि तुमने तरूण को घर के अंदर छुपाया है उसे बाहर निकालो उसे हमारे हवाले कर दो तुम लोग कौन हो बोलने पर क्यों आये हो बोलने पर उन्होंने बताया कि मुझे तरूण से पैसा लेना है, मैं तुम्हारे बेटे को जान से मार दूंगा कहा जिसे मेरी मां ने डर कर पडोसी साजिद सिद्धीकी को बुलाया पूरी घटना को बताया जिसे वे लोग मेरी मां से गाली गलौच करने लगे और बोले कि मुझे 20,000 रूपये अभी चाहिये नहीं तो तुम्हारे दोनों बेटो का मर्डर कर दूगां। तो उसकी मां के द्वारा डर से पडोसी से आनलाईन 20,000 रूपये को आरोपी के मोबाईल नंबर पर आनलाईन ट्रान्सफर किया फिर वे लोग चले गये। कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीर को लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में दिनांक 23 जुलाई को मुखबीर सुचना व सायबर सेल से प्राप्त टावर लोकेशन के आधार पर दोनों आरोपीगण नितिन साहू पिता विनोद कुमार साहु उम्र 29 साल निवासी अनुपम नगर पंजाब स्वीट्स थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ.ग. एवं राहुल सिंह राजपूत पिता अशोक सिंह राजपूत उम्र 34 साल निवासी मेरेगांव शासकीय क्वांटर थाना अंबागढ़ चौकी जिला एम.एम.सी. छ.ग. को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया जो अपने अपने कथन में जुर्म स्वीकार करने पर आरोपीगण के द्वारा घटना में प्रयुक्त 02 नग मोबाईल को जप्त कर आरोपियों के विरूध्द धारा सदर का अपराध करना पाये जाने से आज 23 जुलाई को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। प्रकरण के अन्य 03 फरार आरोपीगणों की पतासाजी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जाती है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. राजेश कुमार साहू, सउनि शोभाराम बेरवंशी, आरक्षक राजकुमार बंजारा, कमल किशोर यादव, कमलेश सहारे की भूमिका सराहनीय रहा है।

# मनोज अग्रवाल पुनः अध्यक्ष निर्वाचित, पीतांबर स्वामी को कोषाध्यक्ष का दायित्व

डोंगरगढ़ (दावा)। माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति का बुधवार दिनांक 23 जुलाई को अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु मनोज अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर स्वामी को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक पूर्व कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा एवं अनुमोदक पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र भाई पटेल तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक अनिल गट्टानी एवं अनुमोदक नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल एवं सेवा मंडल के सभी सदस्यों ने प्रस्ताव एवं अनुमोदक के रूप मे उपस्थिति दर्ज कराई।





**श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट मंडल का निर्वाचन निर्विरोध रूप से हुआ सम्पन्न**

निर्वाचन अधिकारी जे.आर. बरिहा ने उक्त जानकारी देते हुए निर्वाचन कार्य मे समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त कर भविष्य मे सहयोग की अपेक्षा की है। तथा उक्त कार्य हेतु प्रशासनिक पुलिस अधिकारी स्थानीय प्रशासन द्वारा सुचारू रूप् से निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु समयानुसार उपस्थित रहने पर निर्विध्न चुनाव संपन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया।

# छग टूरिज्म को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय मंच, आईआईटीएम प्रदर्शनी में पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे शामिल

रायपुर (दावा)। बेंगलुरु के त्रिपुरा वासिनी पैलेस ग्राउंड्स में 24 से 26 जुलाई 2025 तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट (आईआईटीएम) में इस बार छत्तीसगढ़ पर्यटन खास आकर्षण रहेगा। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा तीन दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजन में भाग लेंगे और छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक स्थलों, आदिवासी संस्कृति व जल पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को सस्टेनेबल और इको-टूरिज्म हब के रूप में पेश करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मार्ट में 15 देशों और 20 राज्यों से 600 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जहाँ छत्तीसगढ़ अपनी विशिष्ट पहचान के साथ वैश्विक मंच पर उभरेगा।



# कलयुगी पिता ने किया अपनी नाबालिक पुत्री का बलात्कार : आरोपी पिता को आजीवन कारावास

राजनांदगाँव (दावा)। पिता द्वारा अपनी ही 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री के साथ बलात्कार करने के एक मामले में फैसला सुनाते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश ओमप्रकाश साहू द्वारा चौकी तुमड़ीबोड़, थाना लालबाग क्षेत्रान्तर्गत निवासी अभियुक्त उमेश यादव, उम्र 40 वर्ष को दोषी पाये जाने पर लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 की धारा 6 के तहत् आजीवन कारावास (जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा) एवं बीस हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 04 माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (भाग-2) के तहत् 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 01 माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। मामले में छ.ग. शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) राजनांदगाँव सुश्री प्रिया कांकरिया ने बताया कि अभियुक्त और पीड़िता पिता-पुत्री है। माह मई 2022 की रात्रि में जब नाबालिक पुत्री अपनी माता के साथ सोई हुई थी, तब उसके पिता के द्वारा अपनी पुत्री को जबरदस्ती खींचते हुये अपने खाट में ले गया और उसके कपड़े को उतारकर उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की माता की रिपोर्ट पर चौकी तुमड़ीबोड़ द्वारा मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। जांच में पीड़िता ने पूछताछ में बताया कि अभियुक्त के द्वारा घटना के पूर्व भी उसके साथ 5-6 बार जब उसकी माता काम पर चली जाती थी और पीड़िता जब घर पर अकेली रहती थी, तब भी अभियुक्त पीड़िता के साथ गलत काम करता था और घटना के संबंध में अपनी मां को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। सपूर्ण जांच उपराना अभियोग पत्र विचारण हेतु विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# आम्बेडकर चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज तक चला अतिक्रमण हटाव अभियान

राजनांदगांव (दावा)। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए जिला, निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम सुनियोजित अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। टीम के द्वारा दुकान का समान अंदर रखने, अतिरिक्त लगे शेड हटाने समझाईस दी जा रही है। समझाईस उपरांत नही हटाने पर संयुक्त टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। आज अतिक्रमण दस्ता आम्बेडकर चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज तक अभियान चलाकर ठेला व गुमटी हटाये गया तथा अतिरिक्त लगे शेड, सिड़ी व चबुतरा जेसीबी से तोडा गया।





उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा शहर के बाजार एवं सघन क्षेत्रों को व्यवस्थित करने तथा सुगम आवागमन के लिए अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा तथा तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव स्वयं अतिक्रमण दस्ता के साथ जाकर लोगों से सामान दुकान के अंदर रखने तथा अतिक्रमण हटाने समझाईस दे रहे है। उनके द्वारा गत सप्ताह आम्बेडर चौक से ममता नगर रोड में जाकर अतिक्रमण हटाने समान दुकान के अंदर रखने समझाईस दी गयी थी। समझाईस उपरांत भी स्वयं से नही हटाने पर आज आम्बेडकर चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज तक अतिक्रणम हटाने की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के तहत रोड में लगे ठेला खोमचा हटाने के अलावा दुकान के सामने लगे शेड तथा रोड में बनी सीढ़ी व चबूतरा जेसीबी से तोड़ा गया।

आज की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा एवं एसडीएम श्री वर्मा ने बताया कि शहर की सघन बस्ती जो वर्षो से बसी हुई है, वहा बनी दुकानों का समान बाहर तक रखने तथा अतिरिक्त शेड लगाने से यातायात बाधित हो रही है। क्योंकि आजकल आबादी के हिसाब से वाहनो की संख्या भी बढ रही है, जिससे आवागमन में परेशानी के साथ साथ पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। इन्ही बातो को ध्यान में रखकर जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर शहर को व्यवस्थित करने तथा सुगत आवगमन के लिए अतिक्रमण हटाव अभियान शहर में चलाया जा रहा है।

आयुक्त एवं एसडीएम ने बताया कि अतिक्रमण हटाव अभियान के पूर्व व्यापारियों की बैठक लेकर रूप रेखा तय की गयी और शहर के बाजार क्षेत्र में स्वयं से अतिक्रमण हटाने समझाईस दी गयी। समझाईस उपरांत गुडाखू लाईन, जूनीहटरी, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक एवं फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण हटाया गया और आज आम्बेडकर चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज तक कार्यवाही करते हुए सड़क में लगे ठेला खोमचा तथा अतिरिक्त शेड व रोड मे बनी सीढ़ी व चबुतरा तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में उक्त क्षेत्र के लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने समझाईस दी गयी थी।

उन्होंने बताया कि गत दिवस गायत्री मंदिर चौक से भारत माता चौक से आजाद चौक से महाकाल चौक तक व्यापारियों को दुकान का सामान अंदर रखने, बाहर तक समान नही लटकाने, अतिरिक्त लगे शेड निकालने समझाईस दी गयी है। स्वयं से नही हटाने पर अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि शहर को व्यवस्थित करने, सुगत आवागमन के लिए सहयोग कर सामान दुकान की सीमा में रखे, अतिरिक्त शेड या निर्माण स्वयं हटा लेवे। आज की कार्यवाही के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता व अतिक्रमण प्रभारी दीपक खाण्डे, पुलिस विभाग से टी.आई. तथा निगम व यातायात का अमला उपस्थित था।

# प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी से कांग्रेस ने लोकतंत्र की मर्यादा तोड़ी -शहर भाजपा

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा 22 जुलाई को कथित चक्काजाम के समय कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया था, उसके विरोध में शहर भाजपा के दोनों मंडलो द्वारा आज राज्यपाल के नाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया।



शहर भाजपा उत्तर मंडल एवं दक्षिण मंडल ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान एवं अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता जिन्होंने अपशब्दों का प्रयोग किया। उन सबके खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई है।

सुमित सिंह भाटिया एवं गोलू गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा जिस पार्टी का ना कोई नीति है ना कोई सिद्धांत है, ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता बेलगाम हो जाते हैं, और अपने शीर्ष नेता को खुश करने के लिए चाटुकारिता करने के लिए अपनी मर्यादा लांघ जाते हैं। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि ऐसे मर्यादा विहीन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना चाहिए एवं तत्काल उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

अध्यक्ष द्वय ने यह आरोप लगाया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को और कार्यकर्ताओं को अपने और दूसरे नेता की चिंता होती विशेष कर वह कथित नेता जो अनपढ़ हैं और जेल में बंद है, कवासी लखमा तथा जो भी अनेक भ्रष्टाचार एवं घोटाले में जेल में बंद है उनके समर्थन में ना तो कोई चक्काजाम किया और ना ही किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन चैतन्य बघेल जो की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र हैं और अनेक भ्रष्टाचार के मामलों मे लिप्त हैं, उनके खिलाफ की गई कार्यवाही के विरुद्ध चक्काजाम किया एवं प्रदर्शन किया। यह इस बात को स्पष्ट करता है की एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुश करने के लिए यह सब किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रेकर ने बताया कि शाम को 4 सिविल लाइन स्थित महापौर करने में कार्यकर्ता पहुंचे, वहां से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया और कड़े शब्दों में कांग्रेसियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

इस दौरान प्रमुख रूप से सुमित सिंह भाटिया, पारस वर्मा, शिव वर्मा, मोनू बहादुर सिह, गोलू सूर्यवंशी, प्रखर श्रीवास्तव, रवि सिंह, हकीम ख़ान, हर्ष रामटेके, अरुण साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, बलवंत साहू, चंद्रभान जंघेल, विनोद भारती, सज्जन सिंह ठाकुर, हेतल भोजनी, दामू भूतड़ा, गीतेश गुप्ता, नरेंद्र हंसा, प्रवीण शुक्ला, प्रकाश मार्कण्डे, सुरेश साहू, मिठलेश्वरी वैष्णव, शालू वर्मा, नेहा शर्मा, रानू मेश्राम, प्रेमा सोनकर, मनीष जैन, क्षितिज आर्य, मनीष श्रीवास्तव, नितेश नायक, सुवितेश श्रीवास्तव, रवि सिंह राजपुत, रोहित सिन्हा, सौरभ सिह राजपूत, प्रवेश गांधी, सैयाम नौलखा, राज सोनकर, नरेश सारथी, मनोज मिश्रेकर, यश जैन, करुणा राजपूत, रेणु सूर्यवंशी, उत्तरा निषाद, किरण मेश्राम, मनोज यादव, सुमित अजमानी, मनोज शुक्ला, कृष्ण तिवारी, आदित्य पराते, पप्पू चंद्रास्कर, रिभाय यादव, कबीर साहू, करण

# आज शनि अमावस्या हरेली पर्व पर साहू सदन में वृहद वृक्षारोपण





**वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिले भर के पदाधिकारी होंगें शामिल-भागवत साहू**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर जिला अस्पताल समीप जिला साहू संघ में स्थित 'सदन सदन' में 24 जुलाई 2025 दिन गुरुवार समय दोपहर दो बजे से हरियाली अमावस्या तिथि के पावन पर्व पर जिला अध्यक्ष भागवत साहू की मौजूदगी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित है। जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने कहा कि हरेली पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक शुभ अवसर है, जिसमें वृक्षारोपण को विशेष महत्व दिया जाता है। यह महापर्व हमें प्रकृति के साथ जुड़ने और उसकी रक्षा करने की याद दिलाता है।

इस दिन फलदार और कृषि उपयोगी पौधों का रोपण किया जाता है, जो न केवल पर्यावरण को संरक्षित करता है, बल्कि हमें शुद्ध हवा और फल भी प्रदान करता है। जिला साहू संघ के विशाल प्रांगण में होने वाले इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने सभी मंडल तहसील, नगर सहित जिले के पदाधिकारियों से तय समय सीमा में उपास्थित की अपील की है।

# कल से माहेश्वरी भवन में शिव महापुराण कथा



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय माहेश्वरी भवन में अनिल कृष्ण तिवारी के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन आज दिनांक 25 जुलाई से 02 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। इस आयोजन में आज प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, कथा महात्म होगा, 26 जुलाई को शिवलिंग उत्पत्ति, नारद मोह व नंदी जन्म की कथा सुनायेंगे। 27 जुलाई तीसरे दिन सृष्टि वर्णन, सति चरित्र व शिवपार्वती विवाह, 28 जुलाई को संतान वर्णन गणेश कार्तिक जन्म कथा सुनाई जावेगी। 29 जुलाई को अंधक, जालंधर जन्म व सोलह सोमवार कथा, 30 जुलाई को गंगा वर्णन, शभीमंदार व भस्मासुर कथा, 31 जुलाई को पशुपतिनाथ, ताडकासुर, द्वादश ज्योर्तिलिंग कथा सुनायेगें। 1 अगस्त को रूद्राक्ष, बेलपत्ती महिमा, चढोत्तरी, शोभायात्रा और अंतिम दिन 2 अगस्त को कंकड़ में शंकर, शिव पार्थिव, हवन यज्ञ व महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया जावेगा। उक्त जानकारी ज्ञानेश गुप्ता द्वारा दी गई।

## अनमोल दावा

**सही सोचना, साफ सोचना और हमारे संकल्प, शब्द और कर्म में पवित्रता होना, खुशी की रचना करने का सबसे आसान तरीका है।**

## सम्पादकीय

# धनखड़ का इस्तीफा : अफसोसजनक नहीं

देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के चेयरपर्सन पदों से इस्तीफा देने वाले जयदीप धनखड़ के आकस्मिक निर्णय ने राजनैतिक वातावरण को गर्मा दिया है। 74 वर्षीय धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 के दिन पूरा होता, उसके दो साल पहले ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और जिसका कारण उन्होंने अपनी अस्वस्थता को बताया। किन्तु, विपक्ष को इसमें कुछ दाल में काला दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस महामंत्री जयराम रमेश ने सोशल पोस्ट में धनखड़ के आकस्मिक इस्तीफे के पीछे अनेक रहस्य होना बताया है। दिलचस्प कि कांग्रेस अभी तक धनखड़ को पक्षपाती और लोकतंत्र के सिद्धांत को मजाक बनाने वाले सभापति होना कहा था। धनखड़ आजाद भारत के संसदीय लोकतंत्र के 72 सालों के इतिहास में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति थे कि जिन्हें पद से दूर करने के लिए उनके सामने इम्पिचमेंट मोशन याने महाअभियोग लाया गया था।

कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षियों ने दिसम्बर 24 में धनखड़ के सामने महाअभियोग लाने का प्रस्ताव लाया था। इस महाअभियोग को बाद में तकनीकी कारणों से बाहर कर दिया गया था। किन्तु, कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने धनखड़ पर पक्षपाती होने का आरोप मढ़ा और कहा था कि, धनखड़ राज्यसभा के चेयरपर्सन के रूप में नहीं, किन्तु भाजपा के नेता के रूप में व्यवहार करके विपक्ष की आवाज और उनके सांसदों के द्वारा उठाए गए प्रश्नों को दबा देते हैं।

अब यही कांग्रेस कह रही है कि, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित में धनखड़ को अपने विचार बदलने के लिए मनाना चाहिए। कांग्रेस के कथन अनुसार धनखड़ उपराष्ट्रपति पद पर चालू रहेंगे तो देश के किसान वर्ग को बहुत राहत मिलेगी। अन्य विपक्षी सांसदों ने भी धनखड़ के इस्तीफे के पीछे किसी रहस्य के होने की आशंका प्रगट की है। मानसून सत्र के पहले दिन पूरा दिन काम करने के बाद धनखड़ का इस्तीफा देना, यह चकित करने वाला है। विपक्ष के हाथों एक बड़ा मुद्दा आया है, वह इसको किस प्रकार भुनाती है? यह एक अलग बात है।

जयदीप धनखड़ पूरे दिन संसद की कार्यवाही में व्यस्त रहे, इसलिए वे अस्वस्थ हैं, यह हजम नहीं होता। हालाकि, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। भारत में उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक रूप से दूसरा बड़ा पद है। इस पद पर आसीन व्यक्ति इस्तीफा दे दे, यह तो वाकई में बड़ी बात हो गई। किन्तु, जयदीप धनखड़ के जाने से बहुत बड़ा कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। क्योंकि, धनखड़ केवल 'शोभा की वस्तु' जैसे थे। उनके जाने से अफसोस नहीं होना चाहिए। धनखड़ उपराष्ट्रपति पद की गरिमा की बरकरार नहीं रख पाए थे। उपराष्ट्रपति बनने के पहले वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे।

धनखड़ ने बंगाल के राज्यपाल के रूप में केन्द्र के इशारे पर सीएम ममता बेनर्जी को हैरान-परेशान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। ममता बेनर्जी पर धनखड़ ने राज्यपाल के पद पर रहकर उन पर मुसलमानों के पक्ष होने का में परोक्ष रूप से आरोप लगाया था।

उपराष्ट्रपति पद पर आसीन रहे धनखड़ बड़े सम्मानीय और गौरवपूर्ण बनेंगे, ऐसी अपेक्षा थी। किन्तु, उसके बदले वे बंगाल के राज्यपाल के रूप में ही व्यवहार करते रहे थे। भाजपा सरकार की चापलूसी करने के लिए धनखड़ न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट के विरूद्ध भी बेलगाम बयानबाजी कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट मनमानी कर रही है। संविधान की 'कलम 142' परमाणु मिसाईल बन गई है। जिससे लोकतंत्र पर खतरा है। ऐसे कथन भी किए थे। उनकी राजनैतिक बयानबाजी के कारण उनमें वैराग्य का भाव आ गया और स्वास्थ्य की चिन्ता सताने लगी, यह बात लोगों के गले के नीचे उतर नहीं रही है।

# छत्तीसगढ़ की पहली पारम्परिक लोक पर्व 'हरेली'



**धनंजय राठौर**

भारत विविधताओं का देश है। भारत देश में एक नीले आसमान के नीचे कई समृद्ध संस्कृति फल-फूल रही हैं। भारत की अनेकताओं में कुछ त्यौहार ऐसे हैं एजो सारे देश को एक साथ जोड़ते हैं। छत्तीसगढ़ संस्कृति में त्यौहारों, पर्वो का विशेष महत्व है। इन त्यौहारों के क्रम में पहला त्यौहार हरेली का है। इसलिये कहा गया छत्तीसगढ़ संस्कृति परम्परा का त्यौहार हरेली। हरेली त्यौहार को श्रावण मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या में मनाया जाता है। हरेली त्यौहार किसान और सभी छत्तीसगढ़वासियों का त्यौहार है। हरेली मतलब प्रकृति के चारों तरफ हरियाली से है। किसान खेत में जुताई. बोआईए रोपाई, बियासी के कार्य पूर्ण करके इस त्यौहार का मनाता है।

हरेली त्योहार की जड़ें छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि विरासत में हैं, जहाँ इसे लंबे समय से कृषि देवताओं के प्रति सम्मान के रूप में मनाया जाता रहा है। मानसून की शुरुआत में मनाया जाने वाला हरेली, बुवाई के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और लोगों और उनकी ज़मीन के बीच गहरे बंधन को दर्शाता है। पीढ़ीयों से चला आ रहा यह त्यौहार पारंपरिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को कायम रखता है और इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान की एक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है।



### प्रकृति की पूजा का विधान

हरेली मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है, जो ज़मीन और जीवन को सहारा देने वाले औज़ारों के प्रति कृतज्ञता की भावना को उजागर करता है। परंपरागत रूप से इस त्योहार को सांप्रदायिक संबंधों को मज़बूत करने और कृषि एवं प्राकृतिक दुनिया की देखरेख करने वाली दिव्य शक्तियों का सम्मान करने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। सावन माह की अमावस्या पर होने वाली हरेली त्यौहार को साल की पहली त्यौहार के रूप में मनाते हैं। लगातार बारिश से खेतों की शुरुआती जुताई-रोपाई का काम होने पर खेतों में हरियाली बरकरार रहने के लिए, इस त्यौहार को मनाया जाता है।

### कृषि औजारों की पूजा

छत्तीसगढ़ के किसान हरेली त्यौहार के दिन गाय बैल भैंस को भी साफसुथरा कर नहलाते हैं। अपनी खेती में काम आने वाले औजारों को हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को धोकर और घर के बीच आंगन में रख दिया जाता है या आंगन के किसी कोने में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं और उसकी पूजा की जाती है साथ ही अपने कुलदेवता की भी पूजा की जाती है।

### घरों में अराध्य देवी-देवताओं पूजा

घर-घर बनते पकवान - माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं और कृषि औजारों को धूप-दीप से पूजा के बाद नारियलए गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने-अपने घरों में अराध्य देवी-देवताओं के साथ पूजा करते हैं। हरेली के बच्चे गेंड़ी का आनंद लेते हैं। इस अवसर पर सभी के घरों में विशेष प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं। चावल के आटे से बनी चीला रोटी को इस दिन लोग खूब चाव से खाते हैं। कोई इसे नमकीन बनाता हैए तो कोई इसे मीठा भी बनाते हैं। यह खाने वालों की पसंद के ऊपर होता है। इस तरह से यह त्यौहार परम्पराओं से भरी हुई है। हरेली तिहार के दिन सभी लोग अपने-ृअपने दरवाजा पर नीम टहनी तोड़ कर टांग देते है और इसी बहुत गेंड़ी खेल का आयोजन शुरु हो जाता हैण् हरेली तिहार के दिन सुबह से ही बच्चे से लेकर युवा तक 20 या 25 फिट तक गेंडी बनाया जाता हैण् उसी दिन सभी युवा एवं बच्चे गेंडी चढ़ते है गावं में घूमते है। बच्चों और युवाओं के बीच गेंड़ी दौड़ प्रतियोगिता भी की जाती है।

### अनिष्ट की रक्षा का पर्व

हरेली तिहार के दिन पूजा करने से पर्यावरण शुद्ध और सुरक्षित रहता है और फसल उगती है तो किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं लगती है। हरेली तिहार मनाने से फसल को हानिकारक किट तथा अनेको बीमारिया नही होती है इसलिए हरेली तिहार मनाया जाता है। हरेली त्यौहार के दौरान छत्तीसगढ़ के लोग अपने-अपने खेतों में भेलवा पेड़ की शाखाएँ लगाते हैं। वे अपने घरों के प्रवेश द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएँ भी लगाते हैं। नीम में औषधीय गुण होते हैं जो बीमारियों के साथ-साथ कीड़ों को भी रोकते हैं। लोहार हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीष देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। हरेली पर्व मेंए गांव और शहरों में नारियल फेंक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। सुबह पूजा-अर्चना के बादए गांव के चौक-चौराहों पर युवाओं की टोली एकत्रित होती है और नारियल फेंक प्रतियोगिता खेली जाती है। इस प्रतियोगिता मेंए लोग नारियल को फेंककर दूरी का मापन करते हैं। नारियल हारने और जीतने का सिलसिला रात के देर तक चलता हैए और यह एक रंगीन और आनंदमय गतिविधि होती है।

### हरेली त्योहार लिखी गई कविता

हरेली के रंग, छत्तीसगढ़ के संग
हरे-भरे खेत, हरियाली छाई, आज हरेली,
खुशियाँ लाई।
किसानों का त्यौहारए प्रकृति का उपहार।
नांगर, गैंती, कुदाली, सबकी पूजा,
आज निराली।
पशुधन भी पूजे जाते, गौ माता को भोग लगाते।
गुड़ का चीला, ठेठरी-खुरमी, मिठाई
का स्वाद, घर-घर घूमी।
खुशियों से आंगन महके, मन में उमंग सब।
जड़ी-बूटी का लेपए बीमारी भागे,
मिले सुख-चैन।
हरेली के रंग, छत्तीसगढ़ के संग।

**संयुक्त संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर**

## विचार सरिता

# सवाल-जवाब : सच्चे सुख की प्राप्ति के लिए जीवन की प्राथमिकताएँ बदलें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में एक जिज्ञासु ने आचार्य सत्यव्रत से समाज में फैली ईर्ष्या, द्वेष की भावना, आत्म केंद्रित होते जा रहे व्यक्तियों और बढ़ते भोगवाद के संबंध में प्रश्न पूछा। आचार्य सत्यव्रत ने चर्चा के माध्यम से इन प्रश्नों का समाधान प्रारंभ किया।

जिज्ञासु : समाज में ईर्ष्या, द्वेष, छल-कपट और घात-प्रतिघात की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। मनुष्य मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के स्थान पर भोग और आराम के साधनों को जुटाने में रात-दिन लगा है। आखिर इस दिशाहीन और अंतहीन दौड़ का परिणाम क्या होगा? कृपया मार्गदर्शन करें।

आचार्य सत्यव्रतः आधुनिक मनुष्य के लिए जीवन की प्राथमिकताएँ बदलने लगी हैं। वह बाहरी लब्धि और अधिक से अधिक साधनों को प्राप्त कर लेने को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने लगा है। सबसे पहले उसे अपने जीवन की सही प्राथमिकताएँ तय करनी होंगी।

जिज्ञासु : वे प्राथमिकताएँ क्या होनी चाहिए गुरुदेव?

आचार्य सत्यव्रतः जीवन की प्राथमिकता सच्चे सुख की प्राप्ति होना चाहिए। सच्चा सुख भौतिक सुख-सुविधाओं के संग्रह और इन साधनों का गुलाम बनने में नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे दासता की इन बे?ियों को काटने में और अपनी आवश्यकताएँ न्यूनतम करते जाने में है।

जिज्ञासुः ऐसा करने से क्या हासिल हो जाएगा?

आचार्य सत्यव्रतः इससे धीरे- धीरे भीतर की खोज प्रारंभ होगी। मनुष्य की प्राथमिकताएँ बदलेंगी। वह सुख को वास्तविक रूप में परिभाषित कर पाएगा। उसे संग्रह के बदले त्याग में आनंद मिलने लगेगा। साधनों के अभाव में वह दुखी नहीं होगा और कृत्रिम अभावों का रोना लेकर नहीं बैठा रहेगा।

जिज्ञासु : यह तो व्यक्तिगत स्तर पर हुआ। इससे सामूहिक स्तर पर भला क्या परिवर्तन होगा?

(क्रमशः अगले सप्ताह)

## कविता

### आगे तिहार हरेली

घर मोहाटी नीम डारा खोंचाये, अब लागे जइसे हवेली।
हरियर लुगरा पहिर के धरती, लगे दुलहिन नवा नवेली।
आगे जी आगे सुग्घर, आगे तिहार हरेली.....
नाँगर बख्खर धोवत माँजत, घाट घटोंदा ठेलम ठेली।
लोंदी खववावत नान्हे बाबू, बछरू संग खेलम खेली।।
चीला लहुटावत डोकरी दाई, डेरी हाथ मा धरे कसेली।
देवत हावय बड़े बहुरिया, भर-भर के पौनी पसेरी।।
आगे जी आगे सुग्घर, आगे तिहार हरेली..........
बरखा रानी ला बरजबे इंदर देंवता,आँखी हे कजरेली।
एती ओती किंजरत हे येसो, जादा करत हे बरपेली।।
साहित रहिहव डीही डोंगर, हूम देवत करत कलोली ।
नानकुन कुरिया हमर दाता, झन फोरे खपरा कवेली।
आगे जी आगे सुग्घर, आगे तिहार हरेली..........
अंग लागे के चाला मा बिछले के, ओखी खोजय अलबेली।
आनी-बानी के खेल खेलय, गुढ़ी सकलाय सखी सहेली।।
लइका मन ला गेड़ी माँगय खेलय, पारा के टूरी
अलबेली । छोरी छोरा देख भिरय कछोरा,
मोटियार करे बरपेली। बाँटी भाँवरा रस्साकसी,
फुगड़ी डुआ मा पेलम पेली।।
आगे जी आगे सुग्घर,
आगे तिहार हरेली..........



**रोशन साहू ''मोखला'' (राजनांदगांव)**

## कविता

### जादुई पिटारा

आओ बच्चे तुम्हें दिखाएं ''जादुई पिटारा''।
पढ़े और खेले खिलौने खूब सारा।।
सिद्धांतों और प्रथाओं को समेटे यह पिटारा।
डफली, डमरू डाल, खुशियों का है संसारा।।
आओ बच्चे तुम्हें दिखाएं ''जादुई पिटारा''....
प्लेबुक, खिलौने, पहेलियां, पोस्टर फ्लैश कार्ड।
घर से तुम स्कूल आओ सरल, सहज है नहीं कोई हार्ड।।
खेल-खेल में तुम पढ़ना सीखोगे खुलेगी ज्ञान का भंडार।
गिनतारा, कठपुतली, गुब्बारा खिलौने की है संसार।।
डरना नहीं, न करना कोई भय, तूम संग खेलो ट्वाय।
पढ़ना, लिखना, खिलौने साथ, आओ तुम विद्यालय।।
आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं जादुई पिटारा......
छोटी बुक, बड़ी बुक, मोटा पतला बताएं यह पिटारा।
चिकना, खुरदरा, सूखा, गीला आभास होगा सारा।।
पहाड़ा, वर्णमाला, कहानी, चुटकुले मिलेगा नंबर सारा।
''आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं जादुई पिटारा....
आओ बच्चे तुम स्कूल, जादुई पिटारा
देख बाहर घूमना जाओगे भूल।
तुम्हें खेलाएंगे, तुम्हें पढ़ाएंगे, तुम्हें सिखाएंगे,
ये है शिक्षक का उसूल।।
आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं
जादूई पिटारा.....



**रामलाल साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कट्टाहा नवागांव, खैरागढ़**

## सामयिक चर्चा

### मां की चिन्ता

रोज रोज पूर्व मुख्यमंत्री
भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य की
खबर पढ़कर, परेशान होकर,
शांति बाई, पति के पास
बैठक में आई।
यह देखकर कि पतिदेव
अकेले अखबार पढ़ने बैठे हैं
बोली निश्चिन्त होकर -
''दो मिनट मेरी बात सुनो जी! ध्यान से,
ये पेपर पढ़ना छोड़कर
मैं बड़ी फिकर से यह कहने आई हूँ
कि आप भी राजनीति में हो जी!
और लोकप्रिय नेता हो जी!
पर आप ऐसई रहना, विधायक मत बनना।
और यदि कहीं विधायक बन गये जी!
तो मंत्री कतई न बनना जी !
फिर अगर जनता के आग्रह पर
मंत्री भी बना दिए गए जी !
तो हाथ जोड़कर, मेरी प्रार्थना है,
मुख्यमंत्री बनने के लिए,
बिलकुल-बिलकुल कोशिश मत करना जी !
कोई अगर आपके नाम का प्रस्ताव रखे
तो उसका आभार मानते हुए!
बड़ी विनम्रता से 'ना' कहना जी!
सच कहती हूँ जी! एकदम सच कहती हूँ -
अब पूर्व, मुख्यमंत्री की कुर्सी से,
बड़ा डर लगने लगा है।
आपको मालूम है कि नहीं,
पर मैंने ख्याल किया है,
अपने चेतन में पैसे का
लालच बढ़ने लगा है।''



**-गिरीश बख्शी**

## (तिहार कविता)

### छत्तीसगढ़ के तिहार

सावन मनाथन हरेली, भादो म तीजा तिहार।
कातिक म दशहरा देवारी, फागून बंसत-बहार ।
सहनोई गरबही कतरो होथे, छत्तीसगढ़ परब-बार।
सावन भर सावन सोमवारी, जाथन भोले के दुवार।
बड़ सुग्घर लागे हमर, छत्तीसगढ़ के तिहार।।
अऊ मनाथन भोजली, अऊ मातर के तिहार।
भाई दूज म भराय हावे, भाई बहिनी के दुलार।
हरियर-हरियर लुगरा पहिरे, धरती मुस्कावत हे।
किसान करय निदांई कोड़ाई, सुग्घर गीत गावत हे।
निक लागे खेती खार, धन हे मोर छत्तीसगढ़ के तिहार।।
सरधा भगती घलो जाग जाथे, जब आथे गनेश देवता।
कुंवार महिना घलो भेजाथन, दुर्गा दाई ल नेवता।
करंवा चऊत के महिमा भारी, नारी बर होथे पति देवता।
पति ले नारी के पद रहिथे, पति के करबोन सतकार
बड़ सुग्घर लागे हयर, छत्तीसगढ़ के तिहार।।
लईका मन खेलत रहिथे, भांवरा, गेड़ी बांटी।
महर महर महकत हे, मोर भारत के माटी।
शीतला माता ल सुमरत,
बुता के करथन सुखाती।
उज्जर-उज्जर घर कुरिया,
सजे हे अंगना दुवार।
बड़ सुग्घर लागे हमर,
छत्तीसगढ़ के तिहार।



**आनंदराम सार्वा कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा , पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा रहेगा। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, सामाजिक रिश्तों में समरसता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को मान - सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, आज उनको अच्छा धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करेंगे। आज आपकी रुचि आध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज लाभ की स्थिति बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के माध्यम से शुभ सूचना मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन आनंद से परिपूर्ण रहेगा, आज आप साथ में अच्छा समय बिताएंगे। आज आपको ऑफिस के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सोने - चांदी का बिजनेस करने वालों को बड़ा धन लाभ होगा। आपके रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा, संतान पक्ष से सहयोग की प्राप्ति होगी। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिये मिला - जुला रहेगा। आज आप में एक नई उर्जा का संचार होगा। आज आप अपने काम को खूब इंजॉय करेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन खुशी से भरा होगा, आज उनको जीवनसाथी से महंगा उपहार मिल सकता है। आज आपके माता - पिता की सेहत ठीक रहेगी। बच्चों के साथ कही घूमने जा सकते हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में धन लाभ होगा, परिवार में खुशियां बनी रहेगी। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे , बॉस आपकी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते है, आपके रिश्ते में जो गलतफहमियां थी वो दूर होंगी। आध्यात्म में आपकी रुचि आज ज्यादा रहेगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लेकर आया है। आज आप किसी स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं, जो भविष्य में किसी बड़ी कम्पनी का रूप ले लेगा। आज आपको व्यापारिक लेन - देन में बड़ा फायदा होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज नौकरी करने वालों के लिए दिन थोड़ा हेक्टिक हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी जरूरी काम को पूरा करने में किसी दोस्त की सलाह ले सकते हैं। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, भाई के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। इस राशि के छात्रों को विदेश जाने का मौका मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई को और बेहतर बना सकें।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज किसी कार्य में शारीरिक परिश्रम की अधिकता रहेगी, इसलिए आपको थकान का अहसास हो सकता है। पारिवारिक जीवन में सब कुशल - मंगल बनी रहेगी, सभी सदस्य आपस में मिल जुलकर रहेंगे। आज आप किसी सामाजिक समारोह का हिस्सा बन सकते हैं, आपकी उपस्थिति वहां की रौनक बढ़ाएगी।

**मकर** — आज आपको नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ उठाकर आप अपने जीवन को सही दिशा दे पायेंगे। कारोबारी गतिविधियां आपकी सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप कुछ बदलाव भी कर सकते है जिनका असर भविष्य में दिखेगा। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं, जो आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में पार्टनरशिप का ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आज किसी की सहायता से आपके सरकारी कार्य बनेंगे, जिससे आप आगे का काम कर पायेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से किसी काम को शुरु कर सकती है, जिसमें परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। आज आप अपने घर या शॉप को दूसरी जगह शिफ्ट कर सकते हैं , इसमें आप किसी करीबी की मदद ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ ताल - मेल बना रहेगा , दाम्पत्य जीवन में खुशियां आयेंगी। आज आपको करियर में तरक्की करने के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें।

# भाई ने भाई के परिवार पर किया जानलेवा हमला, डेढ़ माह पूर्व ग्राम खुज्जी की घटना

डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम खुज्जी में एक छोटे से विवाद के चलते एक भाई दूसरे भाई के घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। खून से लथपथ परिवार ने 112 की मदद से डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना इलाज करवाया और घटना के दो दिन बाद मामले की शिकायत डोंगरगाँव थाने में की, जिस पर अपराध भी दर्ज हुआ। किन्तु पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उनके बताए अनुसार मामला दर्ज नहीं किया और आरोपी को बचाने का प्रयास किया गया। इसकी शिकायत एसपी तक की गई किन्तु डेढ़ माह बीतने के बाद भी आज पर्यन्त इस गंभीर मामले को लेकर पुलिस अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। उक्ताशय की जानकारी पीड़ित परिवार ने मीडिया को दी है और डोंगरगाँव थाना प्रभारी के बदलने के बाद प्रार्थी को एक बार उचित कार्यवाही की आस जगी है।

मिली जानकारी के अनुसार डेढ़ माह पूर्व हुए खूनी संघर्ष में एक भाई ने दूसरे भाई पर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया, इतना ही नहीं उन लोगों ने उसके घर की महिला और बच्चों के साथ भी जमकर मारपीट की। इस मामले में आवेदक ने बताया कि उसके साथ हुए गंभीर अपराध में पुलिस ने कमतर धाराएं लगाकर अनुचित कृत्य किया है, खुज्जी निवासी




पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट पीड़ित परिवार ने ली पत्रकारवार्ता

आवेदक घनश्याम साहू व उसके परिवार ने मंगलवार दोपहर को डोंगरगांव प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता ली और अपने साथ हुए घटना तथा एफआईआर के संबंध में जानकारी दी।

पत्रकारवार्ता में आवेदक घनश्याम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए लाए मटेरियल में पड़ौसी यशवंत साहू ने मिट्टी डाल दिया, जिस पर मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज की गई। यह मामला दोपहर को सामान्य विवाद के बाद शांत हो गया था किन्तु रात्रि में यशवंत, रूमलाल, हेमनबाई, मेघा, ईश्वरी आदि अपने तीन सहयोगियों के साथ मेरे घर फिर से आ धमके और रूमलाल मेरी छाती में बैठकर जान से मारने की कोशिश की। जैसे तैसे उससे बचकर निकला तो वहीं मौजूद यशवंत ने लोहे के पाईप से मेरी सिर के बायीं ओर वार किया, जिससे मैं लहूलुहान हो गया, इसके साथ ही मेरे पुत्र कुलदीप कुमार के सिर को पानी के ड्रम में में डुबाने की कोशिश की, पुत्री नूतन व पत्नी अश्वनी को मेघा, हेमन और ईश्वरी के द्वारा डंडा लाठी से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। इन पांचों आरोपियों के साथ उनके तीन सहयोगी और हमारे गांव पहुंचे थे, जो घटनास्थल से थोड़ी दूर पर थे।

इस पूरे घटनाक्रम को रिपोर्ट के समय डोंगरगांव पुलिस को सिलसिलेवार बताया किंतु उनके द्वारा गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध नहीं करते हुए सामान्य धाराएं लगाई गई, जिससे मानसिक रूप से परेशान हूँ। साथ ही बताया कि इस बात की सूचना उस समय रहे थाना प्रभारी को मौखिक रूप से भी दी गई थी बावजूद उनके द्वारा आपराधिक कृत्य नहीं है कहकर डरा, धमकाकर वापस लौटा दिया। बता दें कि इस मामले में डोंगरगांव पुलिस द्वारा चार लोगों के खिलाफ 296, 115(2), 351(2) तथा 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अनुसार धाराएं लगाई है। जबकि प्रार्थी का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में पांच लोग शामिल थे और उचित कार्यवाही नहीं होने के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है।

`9 जून 2025 को घनश्याम साहू द्वारा अपने ही भाई हुमलाल साहू, यशवंत साहू, हेमन बाई और मेघा के खिलाफ मारपीट गाली गलौच और जान से मारने की धमकी का एफआईआर लिखवाया गया था। जांच में पाया गया था कि निर्माणाधीन मकान के चलते आपसी विवाद हुआ था। प्रार्थी के बताए अनुसार एफआईआर लिखवा गया है, उसने परिवार के 4 लोगों का नाम बताया है. इसमें विवेचना की जा रही है।

-जितेंद्र वर्मा, थाना प्रभारी डोंगरगांव

# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका

**0 भूपेश के बेटे कांग्रेस के कौन से पद पर है जो कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है- दिलीप वर्मा**

**0 भ्रष्टाचारियों को बचाने प्रदेश की जनता को परेशान किया जा रहा है इसे कहते है चोरी ऊपर से सीना जोरी- दिलीप वर्मा**



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं, उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है, भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है। वर्मा ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है, जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था।

श्री वर्मा ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्वाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। श्री वर्मा ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आबंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपद के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आबंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर भूपेश जी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे?

श्री वर्मा ने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आबंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आबंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में काँग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। दिलीप वर्मा ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी।

वर्मा ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। श्री वर्मा ने कहा कि महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था।

भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफी मांगेंगे? क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है?

श्री वर्मा ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी.डी.कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी ने दी।

## पहला कॉलम...

### हरेली पर्व कृषि और पशुधन के प्रति सम्मान का हैं प्रतीक - यतेंद्रजीत सिंह

**शहर सहित जिलेवासियों को दी बधाई व शुभकामनाएं,**

खैरागढ़ (दावा)। छतीसगढ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह



'छोटू' ने कहा कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो हरियाली, कृषि और पशुधन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह खरीफ फसल की बुवाई के बाद मनाया जाता है। हरेली के दिन, किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं, गांव के ठाकुर देव को नारियल चढ़ाते हैं, और गुड़ का चीला प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ में खुशहाली और समृद्धि का संदेश लेकर आता है।

श्री सिंह ने आगे कहा कि हरेली पर्व प्रकृति और कृषि के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें पर्यावरण को बचाने और कृषि को महत्व देने की सीख देता है। हरेली पर्व छत्तीसगढ़ में खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस दिन, लोग अपने घरों और खेतों में अच्छी फसल और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। हरेली पर्व छत्तीसगढ़ की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह त्यौहार पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोककथाओं से जुड़ा हुआ है। हरेली के दिन, किसान अपने मवेशियों की भी पूजा करते हैं, उन्हें नहलाते-धुलाते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हरेली पर्व में गेड़ी पर चलना एक लोकप्रिय गतिविधि है। बच्चे और युवा गेड़ी पर चढ़कर गांव में घूमते हैं और खुशी मनाते हैं। हरेली पर्व छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। यह त्यौहार न केवल प्रकृति और कृषि के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह खुशी, समृद्धि और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है।

### आज तहसील साहू संघ एवं पेंशनर एसो. द्वारा वृक्षारोपण

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ संस्कृति के तहत प्रथम त्यौहार हरियाली के पावन पर्व पर शासन की मंशा अनुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील साहू संघ भवन ग्राम अछोली के प्रांगण में आज दिनांक 24 जुलाई दिन गुरुवार को समय प्रातः 8:00 बजे तहसील साहू संघ एवं पेंशनर एसोसिएशन डोंगरगढ़ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया जाएगा। तहसील साहू संघ एवं पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगढ़ की ओर से अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव रमेश बहेकर, कुलदीप साहू एवं हेमंत साहू द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है।

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में 25 जुलाई को प्रथम श्रुति मंडल (पाक्षिक कार्यक्रम) का होगा आयोजन

**अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के द्वारा दी जाएगी प्रस्तुतियां**

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में शुक्रवार 25 जुलाई को श्रुति मंडल (पाक्षिक कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में होंगी तथा मुख्य अतिथि के रूप में रानी राजश्री देवी, नुआपाड़ा (ओडिशा) शामिल होंगी। विश्वविद्यालय के कैंपस-2 स्थित डॉ.नरेंद्र देव वर्मा प्रेक्षागृह में शाम 5:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विदेशी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम प्रस्तुति डॉ. साधना रहटगांवकर, रायपुर के द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी तथा द्वितीय प्रस्तुति सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सुसान मोहिप के द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। त्रिनिदाद एवं टोबेगो देश की निवासी सुसान मोहिप एक प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना है,जिन्होंने कई मनमोहक प्रस्तुतियां दे चुकी है।

उक्त कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में हारमोनियम एवं गायन सहयोग पर राणा मोहिप (त्रिनिदाद एवं टोबेगो), तबले पर पं. अवध सिंह ठाकुर, सारंगी पर उस्ताद शफ़ीक़ हुसैन तथा बांसुरी पर इस विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध कलाकार डॉ. बिहारी लाल तारम संगत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्रुति मंडल समिति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा किया जाएगा।

## संकुल केंद्र मटेवा में विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र मटेवा में 19 जुलाई को संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत स्थानांतरित हुए शिक्षक साथियों को ससम्मान विदाई दी गई। वहीं प्रमोशन प्राप्त कर आए नए शिक्षक साथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न विद्यालयों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मटेवा की सरपंच श्रीमती अहिल्या सोरी रहीं तथा अध्यक्षता संकुल प्राचार्य गणेश राम साहू ने की। विशेष उपस्थिति संकुल समन्वयक लीलाधर मौजूद रहे। समारोह में संकुल अंतर्गत समस्त शालाओं के प्रधानपाठक, शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल टीम का समर्पित सहयोग सराहनीय रहा।

# संगठन को मजबूती देने खैरागढ़ में कांग्रेस की जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक छन्नी साहू ने ली बैठक



**0 मंडल-सेक्टर समिति गठन को लेकर कार्यकर्ताओं से ली गई राय**

**0 31 जुलाई तक गठन कार्य पूर्ण करने छन्नी साहू ने दिये निर्देश**

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति के तहत खैरागढ़ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर हुई इस बैठक में मंडल-सेक्टर समिति गठन कार्यक्रम 2025 को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में संगठन की नव नियुक्त जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी ब्लॉक प्रभारी, मोर्चा संगठन और ब्लॉक अध्यक्ष मिलकर आगामी बूथों के अनुरूप मंडल सीमांकन करें और 21 सदस्यीय समितियों का शीघ्र गठन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक समिति में सभी वर्गों यथा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं युवाओं का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उदयपुर नवसंकल्प शिविर में पारित प्रस्ताव के अनुसार इन वर्गों को न्यूनतम 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व और 50 वर्ष से कम आयु के कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी जाए। उन्होंने समिति गठन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित करते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मिले पद, कार्यकर्ताओं की राय

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन में 'पैराशूट नेताओं' की नियुक्तियों पर आक्रोश जाहिर किया और कहा कि यदि पार्टी को मजबूती और सत्ता में वापसी चाहिए तो ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जिन्होंने ज़मीनी स्तर पर निष्ठा और मेहनत से काम किया है।

### संगठन को जनप्रतिनिधियों से नहीं मिलती मदद- जिला अध्यक्ष

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने बैठक में संगठनात्मक कार्यों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता को लेकर निष्ठावान कार्यकर्ताओं की बात रखते हुए चिंता जाहिर की और कहा कि संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में जनप्रतिनिधियों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा, जिससे कई प्रयास वांछित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं। बैठक में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष टारकेश्वर शाह, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से गुलाब चोपड़ा, मिहिर झा, नीलेंद्र शर्मा, सुनीलकांत पांडे, रज्जाक खान, विजय वर्मा, रामकुमार पटेल, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह गोल्डी, कोमल साहू, भिज्ञेश यादव, मनराखन देवांगन, संदीप सिरमौर, मोहम्मद खान, अय्युब कुरैशी, यतेन्द्रजीत सिंह, देवकांत यदु, कोमल वर्मा,मधुसूदन साहू, घनश्याम सिन्हा, गौतम जैन, अशोक वर्मा, गोवर्धन मेरावी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, बलदाऊ जंघेल, तोरण ठाकुर, मनीष कोचर, देवलाल, तोपसिंह निषाद, नजारुद्दीन, नीरज महोबिया, दिलीप महोबिया, संत निषाद, दीपक देवांगन, पुरषोत्तम वर्मा, नदीम मेमन, शेखर दास,अवध वर्मा,सुरज महिलांगे,सुरज देवांगन, समीर कुरेशी, रतन सिंगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पीएमश्री आत्मानंद स्कूल छुरिया के छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित

छुरिया (दावा)। विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है, यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलकूद छात्रों को स्वस्थ, अनुशासित और टीम भावना से काम करने वाला व्यक्ति बनाता हैं। विद्यार्थी जीवन में जितना महत्व पढ़ाई का है उतना ही महत्व खेलकूद का भी हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रतिभावान खिलाड़ी अपना करियर बना रहे हैं। राज्य शासन विभिन्न खेलों में तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में खेल शिक्षक नहीं होने से यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी 15 जुलाई से 23 अगस्त तक होने वाली विभिन्न खेलों के विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गए हैं जिससे छात्र-छात्राओं एवं पालको में भारी रोष व्याप्त है।

समिति द्वारा संविदा नियुक्ति का नवीकरण आगे नहीं करने का निर्णय लिया गया जिसके कारण व्यायाम शिक्षक संविदा रवि जैन की सेवा समाप्त कर दी गई जिसके बाद पीएमश्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में किसी नए व्यायाम शिक्षा की भर्ती नहीं की गई ना ही यहां के प्राचार्य द्वारा किसी अन्य शिक्षक को इसका प्रभार दिया गया। जिसके कारण यहां के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं विकासखंड स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गए हैं। मालूम हो कि विकासखंड से विभिन्न खेलों में चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तथा जिला स्तर के बाद प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन होता है जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं एवं अपना करियर बनाते हैं। पूर्व के वर्षो में पीएमश्री आत्मानंद स्कूल छुरिया से विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्भाग तथा राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ था। इस बारे में जब पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य धनेश सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की कोई जानकारी न होने तथा बोर्ड परीक्षा में व्यस्त होने की बात कही वहीं खेल शिक्षक के न होने पर किसी अन्य को प्रभार दिए जाने की बात पर किसी अन्य को इसका प्रभार नहीं दिया जाना बताया गया।

इस प्रकार यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का 1 साल बर्बाद हो गया जिसके कारण यहां के छात्र-छात्राओं एवं पालको में भारी रोष व्याप्त है। नाराज पालकों ने शाला प्रबंधन को इसके लिए जिम्मेदार बताया है। राज्य शासन विभिन्न खेलों में तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

## छीरपानी मुक्तिधाम परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण का आयोजन सम्पन्न



डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ स्थित मुक्तिधाम छिरपानी परिसर में आज दोपहर 1बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन एक पेड़ मां के नाम को सार्थक करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती के मुख्य अतिथि में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन मुक्तिधाम समिति के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल भाजपा अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष गोपाल खेमुका वरिष्ठ साथी पिंटू भाटिया, मनोज गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, हेमंत साहू, मनथीर दास साहू, योग समिति के वरिष्ठ विश्वनाथ यादव, पालिका उपाध्यक्ष उमा, महेश वर्मा, भाजपा महामंत्री विनीत यादव, सम्मी भाटिया, हरजिंदर एस पोल्हे, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मुक्तिधाम में कार्यरत कर्मचारी व अन्य साथी सहयोगी उपस्थित थे। सभी ने पौधारोपण कर पौधों की रक्षा का संकल्प भी लिया।

### वृक्षारोपण हरित क्रांति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा माध्यम है - रामजी भारती

प्रदेश महामंत्री श्री भारती ने वृक्षारोपण को हरित क्रांति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा माध्यम बताया और कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिल रही है। आप सभी लोगों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने आभार प्रदर्शन भी किया। मुक्तिधाम समिति ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए इसी तरह सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## आज डोंगरगांव में सावन महोत्सव में चन्द्रमौलेश्वर पालकी यात्रा निकलेगी



डोंगरगांव (दावा)। सावन महोत्सव मनाते हुए डोंगरगांव में 24 जुलाई को बाबा भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर पालकी यात्रा हनुमान मंदिर प्रांगण से दोपहर एक बजे नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। महाकाल मंदिर संस्थान सिंघोला के प्रमुख पवन डागा और उनकी टीम के साथ स्थानीय भक्तों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यात्रा में भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर के साथ साथ अघोरी नर्तक दल, राजनादगांव का प्रसिद्ध अखाड़ा, राउत नाच और भजन गायक संजीव भाई और उनकी टीम का संगीतमय चलित कार्यक्रम शामिल होगा। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पालकी धारण करने वालो की भीड़ बढ़ने का अनुमान है, यात्रा के विभिन्न आकर्षक भक्तिमय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए हनुमान मंदिर में समय पूर्व पहुंचने का आग्रह आयोजक समिति ने किया है। पालकी यात्रा का अंतिम पड़ाव शिव मंदिर संकेत धाम में आरती के साथ सम्पन्न होगा।

# पहला कॉलम...

## ओवर रेट जुर्माने पर आईसीसी के खिलाफ खड़े हुए बेन स्टोक्स, साइन करने से किया मना

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ओवर रेट संबंधी कागजी कार्रवाई पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं क्योंकि भारत के खिलाफ लॉ?र्ड्स टेस्ट के दौरान धीमी ओवर गति के कारण उनकी टीम के दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक काट लिए गए थे।

इंग्लैंड ने मैच तो जीत लिया, लेकिन धीमी ओवर गति के कारण उसे डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) के दो महत्वपूर्ण अंक गंवाने पड़े। इससे उसके कुल अंक घटकर 22 रह गए। स्टोक्स ने कहा कि आईसीसी को दुनिया भर की अलग-अलग परिस्थितियों को देखते हुए ओवर गति के मौजूदा नियमों की समीक्षा करनी चाहिए।

स्टोक्स ने मंगलवार को चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि मैं फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं कर रहा हूं। ओवर गति ऐसी चीज नहीं है जिसकी मुझे चिंता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं जानबूझकर गति धीमी कर रहा हूं। मैं इससे जुड़ी निराशा को समझता हूं लेकिन मुझे सच में लगता है कि इसके तरीके पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप एक ही नियम एशिया और दूसरी जगहों के लिए नहीं रख सकते हैं। एशिया में स्पिन गेंदबाज लगभग 70 प्रतिशत ओवर डालते है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड में 70-80 प्रतिशत ओवर तेज गेंदबाज डालते हैं। उन्होंने कहा कि यह तो सामान्य ज्ञान है कि स्पिनर को ओवर डालने में कम समय लगता है। ऐसे में आपको विभिन्न महाद्वीपों में ओवर रेट के समय को बदलने पर विचार करना चाहिए।

## पाकिस्तान की टेस्ट में ही फेल हो गई शाहीन-3 न्यूक्लियर मिसाइल

क्वेटाः ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तान अब अपनी सैन्य ताकत को और बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इस दौरान उसे एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होना पड़ा है। पाकिस्तान 22 जुलाई को शाहीन-3 न्यूक्लियर मिसाइल का परीक्षण कर रहा था, जो टेस्टिंग के दौरान ही फेल हो गई। यह बलूचिस्तान प्रांत में आबादी के नजदीक खेतों में जाकर गिरी। इससे बलूचिस्तान के लोग भड़क गए हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान की इस हरकत से अगर मिसाइल आबादी के बीच गिर जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। पाकिस्तान की शाहीन मिसाइल के आबादी के करीब गिरने से बलूच नेता मीर यार बलोच ने इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा, ÷पाकिस्तान द्वारा बार-बार किए जा रहे विफल मिसाइल परीक्षणों की बलूचिस्तान कड़ी निंदा करता है, जो न केवल बलूचिस्तान की आंचलिक संप्रभुता का उल्लंघन हैं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के जीवन को भी गंभीर खतरे में डालता है। बलोच नेता ने लिखा कि स्थानीय निवासियों के अनुसार पाकिस्तान की सेना ने 22 जुलाई को बलूचिस्तान की सीमा में एक मिसाइल परीक्षण का विफल प्रयास किया। यह मिसाइल डेरा गाज़ी खान के इलाके से दागी गई और जाकर ग्रापन की घाटी में लूप सेहरानी लेवी स्टेशन से मात्र 500 मीटर की दूरी पर गिरी। यदि मिसाइल ज़रा भी रास्ता भटकती, तो यह भारी नागरिक हानि और संपत्ति का नुकसान कर सकती थी।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स-निफ्टी आई उछाल

नई दिल्ली। वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को मजबूत शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स सुबह 9 बजकर 18 मिनट पर 213.81 अंक की तेजी के साथ 82,400.62 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी भी 64.65 अंकों की बढ़त के साथ 25,125.55 के लेवल पर था। आज की शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, श्रीराम फाइनेंस, जियो फाइनेंशियल के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े, जबकि ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और सिप्ला के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। लगभग 160 शेयरों में तेजी आई, 71 शेयरों में गिरावट आई तथा 22 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि कल एसएंडपी 500 द्वारा 2025 के लिए स्थापित 11वां नया रिकॉर्ड वैश्विक इक्विटी बाजारों की दिशा और लचीलेपन का संकेत है। बाजार चिंताओं की सभी दीवारें लांघ रहे हैं और मूल्यांकन संबंधी चिंताओं को पीछे धकेल दिया गया है।

## ई-रिक्शा से स्कूल नहीं जा पाएंगे बच्चे, भोपाल के बाद जबलपुर में भी प्रतिबंध




जबलपुर। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बाद अब जबलपुर में स्कूली बच्चों के लिए ई रिक्शा प्रतिबंधित कर दिए गए। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बुधवार (23 जुलाई) को आदेश जारी कर स्कूली बच्चों के परिवहन में ई-रिक्शा के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगा दी है। कलेक्टर ने कहा, यह आदेश संपूर्ण जिले में तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जबलपुर कलेक्टर ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर आदेश की कॉपी पोस्ट कर लिखा- जबलपुर में ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों के परिवहन पर प्रतिबंध। बताया यह निर्णय स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं।

# मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन भारत ने चार विकेट खोए, पंत के पैर में लगी चोट; स्कोर 260 के पार

मैनचेस्टर। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला बुधवार से मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। शुरुआती दिन पहली पारी में भारत ने चार विकेट खोकर 264 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 19 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।



यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने भारत को पहली पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाजों पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन दूसरे सत्र में इंग्लैंड ने वापसी की और भारत को पहला झटका दिया। क्रिस वोक्स ने केएल राहुल को जैक क्राउली के हाथों कैच कराया। वह 98 गेंदों में चार चौके की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले लियाम डॉसन ने यशस्वी जायसवाल को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। वह 107 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 12वां पचासा 96 गेंदों में पूरा किया।

दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट गंवाए। केएल और यशस्वी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल भी आउट हो गए। उन्हें बेन स्टोक्स ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना पाए। तीसरे सत्र में ऋषभ पंत और साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने 72 रन जोड़े, लेकिन पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए। मैनचेस्टर टेस्ट के शुरुआती दिन पंत गंभीर रूप से चोटिल हो गए। उनके दाहिने पैर में चोट लगी, जिसकी वजह से काफी सूजन है। पंत के पैर से खून भी निकलता दिखा। मैदान से बाहर जाने के लिए उन्हें एंबुलेंस का इस्तेमाल करना पड़ा। वह खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। उल्लेखनीय है कि पंत को पिछले टेस्ट मैच में भी चोट लगी थी। उनकी अंगुली में चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग करते देखा गया था। अब उनके पैर में भी चोट लग गई है। पंत को रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने 48 गेंदों में 37 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो चौके और एक छक्का निकला। पहले दिन जायसवाल के अलावा साई सुदर्शन ने अर्धशतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का पहला पचासा है। उन्हें भी स्टोक्स ने ही अपना शिकार बनाया। वह ब्रायडन कार्स के हाथों कैच आउट हुए।

## वीनस विलियम्स सबसे अधिक उम्र में मुकाबला जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बनी

नई दिल्ली। टेनिस जगत की महान प्लेयर्स में शुमार अमेरिका की महिला खिलाड़ी और वर्ल्ड नंबर-1 की पोजीशन पर लंबे तक रहने वाली वीनस विलियम्स ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि को हासिल किया है। 45 साल की वीनस विलियम्स अभी डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 साल छोटी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से मात देने में कामयाब रही। इसी के साथ वीनस विलियम्स अब महिला टेनिस सिंगल्स में सबसे अधिक उम्र में मुकाबला जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं।



महिला टेनिस में सबसे अधिक उम्र में सिंगल्स मैच जीतने के मामले में मार्टिना नवरातिलोवा के नाम अभी रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने साल 2004 में 47 साल की उम्र में ये कारनामा किया था जब उन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को मात दी थी। वीनस विलियम्स ने इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद दिए बयान में कहा कि यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद वापसी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन मुझे इसे साबित करने के लिए जीतकर दिखाना था। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है। वीनस विलियम्स जो 16 महीनों के बाद टेनिस कोर्ट में वापसी कर रही थी उन्होंने सिंगल्स के अलावा डबल्स के इवेंट में भी जीत के साथ शुरुआत की।

## भारत के कोयला आयात में आई 20.91 मिलियन टन की कमी : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली ,23 जुलाई । भारत का कोयला आयात वित्त वर्ष 2024-25 में इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 20.91 मिलियन टन कम रहा है। इससे देश को 60,681.67 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी.किशन रेड्डी की ओर से संसद में दी गई।



राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2024-25 के दौरान देश में कुल 243.62 मिलियन टन (एमटी) कोयला आयात किया गया, जबकि 2023-24 में यह 264.53 मिलियन टन था।

उन्होंने कहा कि देश में कोयले की अधिकांश आवश्यकता स्वदेशी उत्पादन से पूरी होती है। कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2029-30 तक लगभग 1.5 बिलियन टन का महत्वाकांक्षी घरेलू कोयला उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार का ध्यान कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और गैर-जरूरी कोयले के आयात को कम करने पर है।

कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2029-30 तक कोयला उत्पादन में वृद्धि के अनुमान को ध्यान में रखते हुए, देश में कोयला खनन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के उद्देश्य से फरवरी 2024 में कोयला रसद योजना और नीति भी शुरू की थी।

आयातित कोयले पर निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कोयला ब्लॉकों के आवंटन को सुगम बनाया है, निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया है।

## हरमनप्रीत कौर का रिकॉर्ड शतक और क्रांति गौड़ के छह विकेट से भारत जीता, अंग्रेज अपने घर में चारों खाने चित

नई दिल्ली। हरमनप्रीत कौर (102) और क्रांति गौड़ (6 विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को इंग्लैंड को तीसरे व अंतिम वनडे में 13 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की।




चेस्टर ली स्ट्रीट में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 318 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवर में 305 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

319 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत क्रांति गौड़ ने बिगाड़ी। गौड़ ने दोनों ओपनर्स एमी जोंस (4) और टैमी बियूमोंट (2) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद एमा लैंब (68) और कप्तान नाट सिवर ब्रंट (98) ने पारी को संभाला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। मैच इंग्लैंड के पक्ष में जाता दिख रहा था कि तभी श्री चरणी ने लैंड को बोल्ड कर दिया। एमा ने 81 गेंदों में 5 चौके की मदद से 68 रन बनाए। यहां से कप्तान का साथ निभाने सोफिया डंकली (34) आईं। ब्रंट अपने शतक से दो रन थी जब दीप्ति शर्मा ने उनका कैच विकेटकीपर ऋचा घोष को दिलाकर मैच में भारत की वापसी करा दी। ब्रंट ने 105 गेंदों में 11 चौके की मदद से 98 रन बनाए। इसके बाद सोफिया डंकली रन आउट हुईं। क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के निचलेक्रम को समेटने का काम किया।

उन्होंने एलिस डेविडसन रिचर्ड्स (44), चार्ली डीन (21), लॉरेन फाइलर और लॉरेन बेल का शिकार किया। भारत की तरफ से क्रांति गौड़ ने 9.5 ओवर में एक मेडन सहित 52 रन देकर छह विकेट झटके। श्री चरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा के खाते में एक विकेट आया।

इससे पहले प्रतीका रावल (26) और स्मृति मंधाना (45) ने 64 रन की साझेदारी करके भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। चार्ली डीन ने रावल को विकेटकीपर जोंस के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। जल्द ही एक्लेस्टोन ने मंधाना को डंकली के हाथों कैच आउट कराया।

फिर हरलीन देओल (45) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी करके भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। लॉरेन बेल ने देओल को आउट करके भारत को तीसरा झटका दिया। फिर हरमनप्रीत को जेमिमा रॉड्रिग्ज (50) का साथ मिला।

हरमनप्रीत और रॉड्रिग्ज के शॉट्स का इंग्लैंड के पास कोई जवाब नहीं था। दोनों ने शानदार गैप्स खोजकर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। दोनों के बीच रनिंग बिटविन द विकेट का तालमेल भी शानदार रहा। कौर ने 13 पारियों के बाद 50 या ज्यादा का स्कोर बनाया। वो इंग्लैंड में तीन वनडे शतक जमाने वाली पहली विदेशी बल्लेबाज बनी।

## आंद्रे रसेल की 15 साल लंबे करियर का हार के साथ हुआ अंत

नई दिल्ली। वर्ल्ड क्रिकेट में दिग्गज ऑलराउंडर प्लेयर्स में शुमार किए जाने वाले वेस्टइंडीज टीम के खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने अपने 15 साल लंबे इंटरनेशनल करियर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले के खत्म होने के साथ अंत कर दिया। रसेल ने इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही अपने रिटायरमेंट लेने की जानकारी फैंस को दे दी थी।



जमैका के सबाइना पार्क में खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज की टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें वह अपने दिग्गज प्लेयर को उम्मीद के अनुसार विदाई देने में कामयाब नहीं हो सके। रसेल ने अपने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच में बल्ले से 15 गेंदों में 2 चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रनों की बेहतरीन पारी खेली। आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।दूसरे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 172 रनों का स्कोर बनाया था। इस टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एक समय 42 के स्कोर पर अपने 2 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन के बीच हुई तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी करने के साथ अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिलाकर वापस लौटे।

## भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.5 प्रतिशत, 2026 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान : एडीबी

नई दिल्ली। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने बुधवार को कहा कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 प्रतिशत और 2026 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह घरेलू स्तर पर मजबूत मांग और मौद्रिक नीति में नरमी होना है।



एडीबी ने बयान में कहा कि महंगाई इस साल 3.8 प्रतिशत और 2026 में 4 प्रतिशत रह सकती है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय की गई सीमा के मुताबिक है।

बयान में आगे कहा कि भारत में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट से मुख्य महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिली है। खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक होने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जून में घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई, जो 77 महीनों में सबसे कम है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि इस वित्त वर्ष में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.7 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जिससे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देश की स्थिति मजबूत होगी। हालांकि, एडीबी ने विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने विकास पूर्वानुमानों को कम कर दिया है। यह गिरावट उच्च अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के साथ-साथ कमजोर घरेलू मांग के बीच निर्यात में कमी की आशंकाओं के कारण हुई है।

एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) जुलाई 2025 में एडीबी ने अनुमान जारी कर कहा कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाएं इस साल 4.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेंगी, जो अप्रैल में जारी अनुमान से 0.2 प्रतिशत अंक कम है। वहीं, अगले वर्ष के लिए पूर्वानुमान 4.7 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

अमेरिकी टैरिफ और व्यापार तनाव में वृद्धि से एशिया और प्रशांत क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को और नुकसान पहुंच सकता है।

**मानसून सत्र का तीसरा दिनः सड़क का....**

कार्यवाही बुधवार 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेताओं ने संसद भवन के मकर द्वार पर सीढ़ियों पर खड़े होकर बिहार एसआईआर के खिलाफ विरोध जताया। इसी दौरान राज्यसभा के विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची की जांच को लेकर चर्चा की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी भी की।

**वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे....**

पहुंची। बताया जाता है कि युवक हेलमेट नहीं पहने थे। इस हादसे पर सीएम साय ने ट्वीट कर शोकर जताया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप जी के सुपुत्र निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल कश्यप परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें। घटना के बाद सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह समेत सभी कैबिनेट मंत्री और बीजेपी के सीनियर नेताओं ने केदार कश्यप के निवास पर पहुंचर दुख जताया। वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत कई नेताओं ने हादसे पर दुख जताया है और मृतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। सभी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। कश्यप परिवार छत्तीसगढ़ की राजनीति में अहम माना जाता है। निखिल के पिता दिनेश कश्यप बस्तर से सांसद रह चुके हैं। बलिराम कश्यप छत्तीसगढ़ में बीजेपी के सबसे सीनियर नेता माने जाते थे, मंत्री केदार कश्यप उन्हीं के बेटे हैं।

**ब्रिटिश पीड़ितों के परिजन बोले....**

मौत हो गई। इसके साथ ही 19 अन्य लोग जमीन पर

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

मारे गए थे। एजेंसियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके शव अंतिम संस्कार के लिए उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। मंगलवार को एअर इंडिया ने कहा कि उसने अपने बोइंग 787 और 737 विमान बेड़े में ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग तंत्र का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है, और इसमें कोई समस्या नहीं पाई गई।

**तीसरे दिन भी नहीं थमी बारिश, बाढ़....**

अमरनाथ यात्रियों के काफिले अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि मौसम सुधरते ही आने वाले कुछ घंटों में यातायात फिर से शुरू हो सकता है। रामबन के अलावा, किश्तवाड़-सिंथन सड़क भी सिंथन नाला पर आई बाढ़ के कारण बंद हो गई है। राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर और डोडा जैसे पहाड़ी जिलों में भी भूस्खलन के कारण कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। उन्हें खोलने का कार्य जारी है। बारिश की वजह से कई कच्चे घर और मवेशियों के लिए बनाए गए शेड्स को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, पूरी जानकारी का आंकलन अभी चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने 24 जुलाई तक फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) की चेतावनी जारी की है। इसके बाद जम्मू संभाग के लगभग सभी जिलों में 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी सभी जरूरी एहतियात और तैयारियां करने को कहा गया है। मौसम विभाग के अनुसार, सबसे ज्यादा बारिश उधमपुर में दर्ज की गई, जहां रातभर में 51.8 मिमी बारिश हुई। इसके बाद रामबन में 20.5 मिमी, रियासी में 17.9 मिमी और जम्मू में 8.5 मिमी बारिश हुई।

**एक परिवार की चटुकारिता है....**

के बीच विवाद हुआ। उन्होंने कहा कि जब कवासी लखमा जब इस प्रकरण में जेल गए, तो किसी को कोई मतलब नहीं था, जब देवेंद्र यादव जेल गये तो किसी को कोई हल्ला नहीं मचाया था। अब वह व्यक्ति जो कांग्रेस में भी नहीं है, उसे लेकर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है तो उसे क्या माना जाए। आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस एक परिवार की चटुकारिता करने वाली संस्था बनकर रह गई है। इस प्रदर्शन का कोई तार्किक आधार नहीं था और ना ही प्रदर्शन में कोई ताकत थी। घुसपैठियों को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि पंचायत में कुछ ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे जो व्यक्ति पहले से हैं और जो व्यक्ति आ रहे हैं उनके बीच एक पंजी हो। प्रदेश में जल्दी और भी नये साइबर थाने खोले जाएंगे, इस पर भी काम चल रहा है। हरेली त्योहार को पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में मनाए जाने के सवाल पर कहा कि हरेली कोई कांग्रेस का त्यौहार नहीं है। कांग्रेस इस दावा नहीं कर सकती कि उसी का है। हरेली परंपरागत त्यौहार है और उसे सभी मानते हैं। प्रदेशवासियों को हरेली की हार्दिक शुभकामनाएं। तंज कसते हुए कहा कि कल के दिन कांग्रेस यह भी कह सकती है कि पूरे ब्रह्मांड को हमने बनाया है।

**मिंत्रा पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का....**

लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। फ्लिपकार्ट मिंत्राकी पेरेंट कंपनी है। 2014 में, मिंत्रा को फ्लिपकार्ट ने 2,000 करोड़ रुपए में खरीदा था। जिस समय फ्लिपकार्ट ने मिंत्रा को खरीदा था। उस समय उसके पास 1,000 ब्रांड के कुल 15,000 प्रोडक्ट थे। कंपनी का स्ट्रक्चर चेंज नहीं किया गया, वह आज भी इंडिपेंडेंट ही काम करती है। मिंत्रा के पास एक स्ट्रॉन्ग यूजर बेस है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के पास करीब 4 करोड़ ट्रांजैक्शन करने वाले कस्टमर्स हैं। मिंत्रा का वित्त वर्ष 2021-22 में ऑपरेशंस से रेवेन्यू 3,501 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023 में यह सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 4,375 करोड़ रुपए हो गया था।

## अमेरिका ने जापान समेत कई एशियाई देशों के साथ ट्रेड डील की घोषणा की

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की है, जिससे कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर अमेरिका को उनके निर्यात पर अत्यधिक उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि चीन के साथ वार्ता को अधिक समय देने को 12 अगस्त की समयसीमा को फिर से आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत के साथ बातचीत की स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, इसकी प्रगति देश के अत्यधिक संरक्षित कृषि क्षेत्र पर निर्भर प्रतीत होती है। देश पर 26 प्रतिशत शुल्क का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि, कई खबरें आई हैं कि 1 अगस्त से पहले भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम ट्रेड डील हो सकती है। इसके बाद अक्टूबर में फाइनल ट्रेड डील होगी।

## डबलिन में भारतीय शख्स पर हमले को लेकर भारत सख्त; कहा- पीड़ित के संपर्क में, अधिकारियों से बात कर रहे

डबलिन। आयरलैंड की राजधानी डबलिन इलाके में 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर नस्लभेदी हमला किया गया है। घायल शख्स अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित तीन हफ्ते पहले काम की तलाश में वहां पहुंचा था। हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा। उसके चेहरे, हाथों और पैरों में गहरी चोटें आई हैं। आयरलैंड में भारतीय राजदूत ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की है। आयरलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, डबलिन के टॉलेट में एक भारतीय नागरिक पर हुए हमले की हालिया घटना के संबंध में दूतावास पीड़ित और उसके परिवार के संपर्क में है। सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। दूतावास इस संबंध में संबंधित आयरिश अधिकारियों के भी संपर्क में है। इससे पहले स्थानीय रिपोर्टों में बताया गया कि शनिवार शाम को टॉलेट के पार्कहिल रोड पर भारतीय शख्स पर हमला हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचा गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया। आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर इस हमले पर अपनी हैरानी और नाराजगी जताई। उन्होंने इस हिंसक हमले की आयरिश मीडिया कवरेज पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक कथित हमले से इतनी भयानक चोट और खून कैसे आ सकता है? आयरलैंड के राष्ट्रीय मीडिया आउटलेट की असंवेदनशीलता और अस्पष्टता देखकर स्तब्ध हूं। उम्मीद है कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। एक स्थानीय अखबार के अनुसार टॉलेट साउथ के फाइन गेल पार्टी के पार्षद बेबी पेरेप्पाडन ने सोमवार को उस व्यक्ति से मुलाकात की।

## धर्मापुर पंचायत में पूर्व सरपंच राही बंजारे पर निर्माण कार्यों और राशन दुकान की राशि में गड़बड़ी का आरोप




राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धर्मापुर की पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे पर निर्माण कार्यों और उचित मूल्य राशन दुकान की राशि में भारी अनियमितता का आरोप लगा है।

### निर्माण कार्यों में 4.87 लाख रुपए की अनियमितता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा श्रीमती राही बंजारे को छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत राशि वसूली के लिए सूचित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत राज के पत्र क्रमांक 5837 (दिनांक 23.08.2024) के अनुसार श्रीमती बंजारे ने ग्राम पंचायत धर्मापुर में निर्माण कार्यों की राशि 4,87,200 रुपये अनाधिकृत रूप से अपने पास रखी हुई है। उन्हें 20 सितंबर 2024 की आगामी पेशी से पहले यह बकाया राशि न्यायालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि 1,36,000 रुपए की एक और राशि का भी आहरण कर लिया गया है। जिससे पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों की राशि में भारी गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आई है।

0 राशन दुकान की भी 4.71 लाख रुपए की वसूली लंबित

इसके अतिरिक्त पूर्व सरपंच राही बंजारे से (शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान) से संबंधित 4,71,521 रुपए की राशि की भी वसूली की जानी है। यह मामला छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन 12 जून 2023 से लंबित है। यानी दो साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक शासन-प्रशासन द्वारा इसकी वसूली नहीं की गई है। ग्रामीणों और संबंधित अधिकारियों का मानना है कि शासन-प्रशासन को पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे से इन सभी बकाया राशियों की जल्द से जल्द वसूली करनी चाहिए।

## डाक विभाग का 'आईटी 2.0 रोलआउट' : 5 अगस्त से राजनांदगांव में डिजिटल सेवाओं की शुरुआत

राजनांदगांव (दावा)। डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार, अपने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईटी 2.0 रोलआउट के तहत एपीटी एप्लीकेशन की शुरुआत कर रहा है। यह पहल विभाग की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को बढ़ाने का प्रतीक है। इस नई प्रणाली को राजनांदगांव संभाग के सभी डाकघरों में 5 अगस्त को लागू किया जाएगा। इसके सुगम और सुरक्षित कार्यान्वयन के लिए 4 अगस्त को तकनीकी डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन सार्वजनिक लेन-देन उपलब्ध नहीं होंगे।



### डिजिटल सेवाओं की ओर एक ठोस पहल

यह अस्थायी सेवा विलंब डेटा माइग्रेशन, सत्यापन और कॉन्फ़िगिरेशन प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली का सुचारु रूप से शुभारंभ सुनिश्चित किया जा सके। डाक विभाग का कहना है कि यह परिवर्तन नागरिकों को स्मार्ट, सुलभ और भविष्य-प्रभावी डाक सेवाएं प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभाग ने अपने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी डाक से संबंधित आवश्यकताओं की योजना पहले से बना लें और इस अल्पकालिक सेवा-विलंब के लिए सहयोग प्रदान करें। विभाग ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया है कि यह कदम तेज, बेहतर और डिजिटल रूप से सशक्त सेवाओं की ओर एक ठोस पहल है।

## 73 लाख रुपये की लागत वाले 3.15 एमव्हीए के नये पॉवर ट्रांसफार्मर को ईडी श्री सेलट ने किया चार्ज

खैरागढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 73 लाख रूपये की लागत से धोधा 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन में 3.15 एम.व्ही.ए. अतिरिक्त नये पॉवर ट्रांसफॉर्मर को लगाकर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के द्वारा चार्ज किया गया।


धोधा उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ाये जाने से 10 ग्रामों के 4233 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

इस योजना के अन्तर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करने के लिए जिलें में विद्यमान पॉवर सबस्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। खैरागढ़ डिवीजन के ग्राम धोधा मे स्थित उपकेन्द्र की क्षमता पहले 3.15 एम.व्ही.ए था, अतिरिक्त नये 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर के लगाये जाने से इस उपकेन्द्र की क्षमता बढ़कर 6.30 ए.व्ही.ए. हो गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 73 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबस्टेशन में पहले से मौजूदा 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। ईडी श्री सेलट ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन धोधा में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्राम छिराहीडीह, मजगांव, बाबूर, गोखना, पर्थरा, भुरभुसी, धोधा, बिरनपुरकला, कालेगोंडी एवं हनईबंद के 4233 उपभोक्ता एवं किसानों को फायदा होगा। उन्होने अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, ईई परियोजना मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग ए.के. द्विवेदी, ईई एसटीएम ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता सुश्री ममता कर्मकार अन्य अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं।

## पूरे छत्तीसगढ़ में न्याय की हुंकार : चक्काजाम से जन आक्रोश की शुरुआत - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने आज राजनांदगांव के सीआईटी कॉलेज के सामने जीई रोड पर आयोजित 'आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

यह प्रदर्शन केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा विपक्षी नेताओं को कथित तौर पर प्रताड़ित करने की 'अलोकतांत्रिक कार्यवाही' के विरोध में आयोजित किया गया था।

### पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र की गिरफ्तारी न्याय नहीं, सत्ता का भय है

विष्णु लोधी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र की गिरफ्तारी न्याय नहीं, बल्कि सत्ता का भय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई संविधान, लोकतंत्र और जनता के सम्मान की रक्षा की लड़ाई है। लोधी ने दृढ़ता से कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को डराकर दबाया नहीं जा सकता।

### यह जन आक्रोश की शुरुआत है, हम न डरें हैं, न डरेंगे

श्री लोधी ने आगे कहा कि आज का चक्काजाम केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि जन आक्रोश की शुरुआत है। उन्होंने दृढ़ता से कहा, हम न डरे हैं, न डरेंगे। लोकतंत्र को कुचलने वालों को जनता सबक सिखाएगी। यह बयान भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस के बढ़ते विरोध और भविष्य में संभावित बड़े आंदोलनों की ओर इशारा करता है।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई

### 19.800 बल्क लीटर महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 19.800 बल्क लीटर महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री जप्त किया गया। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक लाल सिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे के दल द्वारा थाना बागनदी ग्राम सीतागोटा में लोकचन्द चौधरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 50 नग पाव कुल मात्रा 9 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री एवं संतोष कुमार उइके के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 60 नग पाव कुल मात्रा 10.800 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।



## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में सोमवार 21 जुलाई को शिक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण तथा प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी सहित संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।


शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने लिये गये अहम निर्णय

बैठक में समिति के द्वारा विश्वविद्यालय सहित संबद्ध महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाये जाने के साथ ही अध्ययन-अध्यापन में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने सहित अन्य विषयों पर अहम निर्णय लिये गये। विश्वविद्यालय में संगीत संकाय में छःमाही कोर्स प्रारंभ करने, कम्प्यूटर सेंटर में छःमाही कोर्स प्रारंभ करने के साथ ही शोधार्थियों की सुविधाओं पर विशेष चर्चा करते हुये विभिन्न निर्णय लिये गये,जिससे उन्हें अपना शोध कार्य पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की परेशान न हो।।सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय के द्वारा 12 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है,इस संबंध में भी चर्चा की गई।। इसके साथ ही चित्रकला विभाग में सत्र 2025-26 से छःमाही सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने पर भी निर्णय लिये गये।। इसके अलावा समिति के द्वारा विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं को समय पर आयोजित करने तथा समय पर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने पर भी विशेष चर्चा की गई ताकि विद्यार्थियों को आगामी सत्र में प्रवेश के लिये परेशान न होना पड़े। विश्वविद्यालय के थियेटर विभाग की छात्रा कु. मेघा श्यामकुंवर जो कोविड-19 तथा पारिवारिक समस्या के कारण निर्धारित सत्र में अपना कोर्स पूरा नहीं कर पायी थी। उनके आवेदन पश्चात छात्रहित को देखते हुये विशेष अनुमति के तहत छात्रा को कोर्स पूरा करने अतिरिक्त समय दिया गया। इसके साथ ही कथक विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवाली बैस ने पदोन्नति के संबंध में आवेदन किया था। जिसके परीक्षण उपरांत आवेदन को सही पाये जाने पर डॉ. शिवाली बैस को पदोन्नति प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया। इसके अलावा समिति के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के हित में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सार्थक निर्णय लिये गये।

## दो दिवसीय जिला एवं ब्लॉक स्तरीय तुलसी दास जन्मोत्सव आलीवारा में 2 अगस्त से



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ईकाई राजनांदगांव का बैठक 12 जुलाई दिन शनिवार को रेवाडीह गोंडवाना भवन में अध्यक्ष पोषण शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जिला स्तरीय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव मनाया जाना सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया तथा इस वर्ष का तुलसी जन्मोत्सव दो दिवसीय 2 एवं 03 अगस्त शनिवार एवं रविवार को डोंगरगढ़ ब्लाक के जिला एवं ब्लॉक स्तर का संयुक्त रूप से आलीवारा विधायक दलेश्वर साहू के फार्म हाउस में विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य अतिथि में मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें सभी ब्लाक से दो मानस मंडली तथा दो प्रवक्ता का आयोजन होगा।

लक्ष्मण साहू ने बताया कि 2 अगस्त शनिवार प्रथम दिवस सुबह 10 बजे विधायक दलेश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर ध्वाजारोहण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करेंगे। मंगलाचरण परमेश्वरी महिला मानस मंडली मेंढ़ा (डोंगरगढ़ ), प्रवक्ता शंकर साहू मुसरा (डोंगरगढ़), मंडली कला निकेतन मानस मंडली भेडीकला (राजनांदगांव), प्रवक्ता हरभजन सिंग भाटिया, आरला मंडली राम संदेश मानस मंडली हर्राटोला (छुरियां) प्रवक्ता तामेश्वर साहू कबीर मठ नादिया (डोंगरगांव), मंडली गजानन मानस मंडली आरी कोनारी (डोंगरगांव), पंडवानी श्रीमति तरूणा साहू (राजनांदगांव) प्रथम दिवस का विराम।

द्वितीय दिवस 3/8/2025 सुबह 10 बजे रविवार पं. युवराज पांडे विधायक दलेश्वर साहू एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीयों द्वारा शुभारंभ, गणेश मानस मंडली चिद्दों (डोंगरगढ़), प्रवक्ता ग्वालचंद्र सिन्हा अमलीडीह (डोंगरगढ़), मंडली स्वर धारा मानस मंडली तुलसीपुर (राजनांदगांव), प्रवक्ता चिंताहरण पटेल हरडुवा (राजनांदगांव), मंडली प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला (छुरियां), प्रवक्ता गुमान साहू डोंगरगांव, मंडली तुलसी मानस मंडली रायतापयली (डोंगरगांव), रामायण आरती महाप्रसादी समापन होगा। यह जानकारी श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने दी।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की काऊंसिलिंग 28 को रायपुर में

राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काऊंसिलिंग 28 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी रायपुर में आयोजित की गई है। द्वितीय प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

## ऑफिस के कार्यों का सरलीकरण करने ई-ऑफिस एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पहल


कलेक्टर ने ई-ऑफिस अंतर्गत कार्य का किया शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट के कलेक्टर कक्ष में आज ई-ऑफिस अंतर्गत कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य होंगे तथा सभी नस्ती, फाईल एवं डाक ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने स्वयं ई-ऑफिस से संबंधित जानकारी ली एवं बारीकी से समझते हुए कार्य करना प्रारंभ किया।

उन्होंने कहा कि ऑफिस के कार्यों का सरलीकरण करने की दिशा में ई-ऑफिस एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पहल है। इसके माध्यम से डिजिटल तरीके से शासकीय पत्राचार किए जा सकेंगे। जिससे कार्य के संपादन में गति एवं कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस के क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक नया कार्य है और इसके क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी रूचि लेते हुए सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने 31 अगस्त के बाद कोई भी नस्ती, फाईल एवं डाक भौतिक रूप से प्रस्तुत नहीं किए जाए, सभी नस्ती ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## सफाई कर्मचारीयों के विगत दो माह का वेतन रक्षाबंधन के पूर्व देने की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)।अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ इकाई डोंगरगढ़ द्वारा नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर सफाई कर्मचारीयों के विगत दो माह का वेतन रक्षा बंधन त्योहार के पूर्व देने की मांग की है।पत्र में कहा है कि, रक्षा बंधन का त्योहार हमारे समाज में भाई बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस त्योहार के अवसर पर हमारे सफाई कर्मचारी भाई बहन भी अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते है और अपनी बहनों को राखी बांधने का सम्मान प्राप्त करना चाहते हैं।



अतः आपसे अनुरोध है कि हमारे सफाई कर्मचारी भाई बहनों का जून एवं जुलाई माह का वेतन रक्षा बंधन के त्योहार (दिनांक 9 अगस्त 2025) से पहले भुगतान किया जाए। हम आपसे निवेदन करते हैं कि हमारे सफाई कर्मचारियों का वेतन 5 अगस्त 2025 से पहले भुगतान करने की व्यवस्था करें ताकि हमारे सफाई कर्मचारी भाई बहन अपने परिवार के साथ इस त्योहार को ममाने में सक्षम हो पाएगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उक्त जानकारी नरेस करसे शहर अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संद्य ट्रेड युनियन डोंगरगढ़ द्वारा दी गई।

## आलीखूंटा में जल जीवन मिशन के कार्यो की हो जाँच, रंगरोगन कर खिंचवा लिया फोटो - सरिता



### एसडीएम से हुई शिकायत

डोंगरगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्यों में विलंब को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। इसी क्रम में डोंगरगाँव जनपद पंचायत की सदस्य सरिता मदन साहू ने ग्राम आलीखूँटा में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की जाँच की मांग की है।

एस.डी.एम. डोंगरगांव को लिखे पत्र में उन्होंने कार्य में विलंब होने की भी बात कही है। इस विषय को लेकर श्रीमती साहू ने बताया कि जनपद पंचायत डोगरगाँव के क्षेत्र क्रंमाक 02 के ग्राम पंचायत कोपेडीह में आश्रित ग्राम आलीखुंटा में लोक निर्माण विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी टंकी व पानी व पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। यह काफी विलंब हो चुका है और ग्राम आलीखुंटा में पानी टंकी का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है।

उन्होंने इस आवेदन में आरोप लगाते हुए बताया है कि टंकी में प्लास्टर से लेकर बोर खनन तक नहीं किया गया है लेकिन रंग रोगन कर फोटो जरूर खिंचवा लिया गया है। गाँव में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रहा है। उन्होंने तत्काल जाँच कर संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के ऊपर उचित कार्यवाही की मांग की हैं।

## अरविंद गोटे दोबारा बने अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अरविंद गोटे को अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का दोबारा निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया है। यह उनके लिए लगातार दूसरी बार यह सौभाग्य है। शनिवार 19 जुलाई को जिला मुख्यालय मोहला के गोंडवाना भवन में प्रदेश पदाधिकारियों और समाज प्रमुखों की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई।

### शिव कलामे को मिली महासचिव की जिम्मेदारी

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शिव कलामे को भी निर्विरोध महासचिव बनाया गया है। अरविंद गोटे मोहला विकासखंड के वासड़ी गांव के निवासी हैं और वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हाटी, विकासखंड अंबागढ़ चौकी में व्याख्याता (भौतिक शास्त्र) के पद पर पदस्थ हैं। वे अपने विद्यार्थी जीवन से ही विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं।



### निर्वाचन प्रक्रिया में उपस्थिति

गोंडवाना भवन मोहला में आयोजित इस जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इनमें सेवानिवृत्त डीआईजी डीआर आचला, गोंडवाना समाज के संभागीय सचिव पूर्णानंद नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक कमलेश ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोहला-मानपुर जिले के प्रभारी लवण सिंह कंवर, प्रदेश प्रतिनिधि एवं जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष राजनांदगांव लेखराम मात्रा शामिल थे। इसके अतिरिक्त, जिला संरक्षक एमआर नायक, संत कुमार नेताम, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनउराम कोवाची, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष टीआर पिस्दा, भारत कोवाची, पीएल उइके, रोम सिंह मंडलोई, प्रहलाद ठाकुर, गोंडवाना समाज के युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष अंगद सलामे, मनहरण लाल कुंजाम, ज्ञानसिंह घावड़े, मन्ने सिंह मंडावी, सुजान सिंह नेताम, चेतन भंडारी, किशोर अनेन्द्र, प्रकाश नेताम, तोमन आचल, बोहरन सलामे, पवन ठाकुर और अन्य समाज प्रमुख भी उपस्थित रहे।

बैठक में शेष पदाधिकारियों का मनोनयन आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सामाजिक प्रमुखों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाज प्रमुखों ने आशा व्यक्त की कि अरविंद गोटे और शिव कलामे के कुशल नेतृत्व में समाज के अधिकारी-कर्मचारी समाज हित में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएंगे। इस दौरान, समाज प्रमुखों और वक्ताओं ने ज्वलंत एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने की अपील भी की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com